गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रस्तुत मासिक ई-पत्रिका जुलाई-2018

FREE
E CIRCULAR

गुरुत्व ज्योतिष पत्रिका

जुलाई-2018

संपादक

चिंतन जोशी

संपर्क

गुरुत्व ज्योतिष विभाग

गुरुत्व कार्यालय

92/3. BANK COLONY,
BRAHMESHWAR PATNA,
BHUBNESWAR-751018,
(ODISHA) INDIA

फोन

91+9338213418,
91+9238328785,

ईमेल

gurutva.karyalay@gmail.com,
gurutva_karyalay@yahoo.in,

वेब

www.gurutvakaryalay.com

www.gurutvakaryalay.in

http://gk.yolasite.com/

www.shrigems.com

www.gurutvakaryalay.blogspot.com/

पत्रिका प्रस्तुति

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

फोटो ग्राफिक्स

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

गुरुत्व ज्योतिष मासिक ई-पत्रिका में लेखन हेतु फ्रीलांस (स्वतंत्र) लेखकों का स्वागत हैं...✍

गुरुत्व ज्योतिष मासिक ई-पत्रिका में आपके द्वारा लिखे गये मंत्र, यंत्र, तंत्र, ज्योतिष, अंक ज्योतिष, वास्तु, फेंगशुई, टैरों, रेकी एवं अन्य आध्यात्मिक ज्ञान वर्धक लेख को प्रकाशित करने हेतु भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें।

GURUTVA KARYALAY

BHUBNESWAR-751018, (ODISHA) INDIA

Call Us: 91 + 9338213418,
91 + 9238328785

Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in,
gurutva.karyalay@gmail.com

अनुक्रम

स्थायी और अन्य लेख

प्रिय आत्मिय,

बंधु/ बहिन

जय गुरुदेव

कौन है गुरु?

हिन्दू सभ्यता का इतिहास जितना पुरातन है, गुरु शब्द भी उतना ही पुरातन है।
आजके आधुनिक युग में गुरु शब्द का अर्थ चाहे जितना बदला हो, लेकिन पारंपरिक हिन्दू धर्म शास्त्रों-ग्रंथों में गुरु शब्द की महिमा अपार हैं, हिन्दू धर्म शास्त्रों-ग्रंथों गुरु को भगवान के समान या भगवान से भी अधिक महत्व दिया गया हैं।

सरल शब्दों में वर्णन करे तो मनुष्य को छोटा हो या बड़ा किसे भी कार्य को सीखने के लिए किसी ना किसी रुप में गुरु की आवश्यक्ता होती हैं। फिर चाहे वह कार्य भौतिक जीवन से जुड़ा हो या आध्यात्मिक जीवन से से जुड़ा हो, वह कार्य गुरुकृपा के बिना संपन्न नहीं हो सकता।

सरल भाषा में गुरु की व्याख्या करनी हो, तो हमारे धर्मग्रंथ-शास्त्र एवं विद्वानों ने गुरु को ज्ञान का भंडार कहा है।

यदि हम गुरु शब्द का शाब्दिक अर्थ समझे तो, 'गु' यानी अंधकार, 'रु' यानी प्रकाश होता हैं,
अर्थात् जो अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर अग्रस्त करता है, वह गुरु है।

मनुष्य के जीवन में अनेक गुरु होते हैं। छोटे बालको को अक्षर ज्ञान देने वाले शिक्षक/शिक्षिका को 'विद्या गुरु' कहा जाता है। उसी प्रकार उपनयन-संस्कार, विवाह-संस्कार, इत्यादि धार्मिक षोडश संस्कार करने वाले को कुलगुरु या कुल पुरोहित कहा जाता है। नौकरी-व्यापार-कार्य क्षेत्र से संबंधित ज्ञान देने वाले को व्यवसाय गुरु कहा जाता है। इसी प्रकार अध्यात्म की ओर अग्रस्त करने वाले को अध्यात्म गुरु कहा जाता है।

इनके अतिरिक्त भी जीवन में अनेक गुरु होते हैं। जिससे भी हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में कुछ भी सीखते हैं, हिन्दू संस्कृति में उसे गुरु कहा जाता है।

महापुरुषो के मतानुशार व्यक्ति को अपने जीवन में पूर्णता किसी सद्‌गुरु गुरु की शरण में जाने से प्राप्त हो सकती हैं। भारतीय धर्मशास्त्रो में गुरुको ब्रह्म स्वरुप कहां गया हैं।
किसी सद्द गुरु के प्राप्त होने पर व्यक्ति के सभी धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य आदि समाप्त हो जाते हैं।

यस्य स्मरणमात्रेण ज्ञानमुत्पद्यते स्वयम् ।

सः एव सर्वसम्पत्तिः तस्मात्संपूजयेद् गुरुम् ।।

अर्थात: जिनके स्मरण मात्र से ज्ञान अपने आप प्रकट होने लगता है और वे ही सर्व सम्पदा रूप हैं, अतः श्री गुरुदेव की पूजा करनी चाहिए।
हमारे ऋषि मुनि के मतानुशार गुरु उसे मानना चाहिये जो

प्रेरकः सूचकश्वैव वाचको दर्शकस्तथा ।

शिक्षको बोधकश्चैव षडेते गुरवः स्मृताः ॥

अर्थात: प्रेरणा देनेवाले, सूचन देनेवाले, सच बतानेवाले, सही रास्ता दिखानेवाले, शिक्षण देनेवाले, और बोध करानेवाले ये सब गुरु समान हैं।

गुरुशब्द की परिभाषा शब्दो में लिखना या बताना एक मूर्खता हैं एक ओछापन हैं। क्योकि गुरु की महिमा अनंत हैं अपार हैं। इस लिये कबिरजी ने लिखा हैं।

गुरु गोविंद दोनो खड़े काके लागू पांव,
गुरु बलिहारी आपने गोविंद दियो बताए।

गुरु की तुलना किसी अन्य से करना कभी भी संभव नहीं हैं। इस लिये शास्त्र कहते हैं।

दृष्टान्तो नैव दृष्टस्त्रिभुवनजठरे सद्‌गुरोर्ज्ञानदातुः
स्पर्शश्चेत्तत्र कलप्यः स नयति यदहो स्वहृतामश्मसारम् ।
न स्पर्शत्वं तथापि श्रितचरगुणयुगे सद्‌गुरुः
स्वीयशिष्ये स्वीयं साम्यं विधते भवति निरुपमस्तेवालौकिकोऽपि ॥

अर्थात: तीनों लोक, स्वर्ग, पृथ्वी, पाताल में ज्ञान देनेवाले गुरु के लिए कोई उपमा नहीं दिखाई देती । गुरु को पारसमणि के जैसा मानते है, तो वह ठीक नहीं है, कारण पारसमणि केवल लोहे को सोना बनाता है, पर स्वयं जैसा नहि बनाता ! सद्‌बुरु तो अपने चरणों का आश्रय लेनेवाले शिष्य को अपने जैसा बना देता है; इस लिए गुरुदेव के लिए कोई उपमा नहि है, गुरु तो अलौकिक है ।

इस कलियुग में धर्म के नाम पर गुरुके नाम का ठोंगी चोला पहनने वालो की भी कमी नहीं हैं इस लिये शास्त्रो में लिखा हैं।

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अर्थात: अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहि होते है ।

जो गुरु अविद्या, असंयम, अनाचार, कदाचार, दुराचार, पापाचार आदि से मुक्ति दिलाता है, वही गुरु नमस्कार योग्य है।

इस गुरु पूर्णिमा विशेषांक में संबंधित जानकारीयों के विषय में साधक एवं विद्वान पाठको से अनुरोध हैं, यदि दर्शाये गए मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना एवं उपायों के लाभ, प्रभाव इत्यादी के संकलन, प्रमाण पढ़ने, संपादन में, डिजाईन में, टाईपींग में, प्रिंटिंग में, प्रकाशन में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसे स्वयं सुधार लें या किसी योग्य ज्योतिषी, गुरु या विद्वान से सलाह विमर्श कर ले । क्योकि विद्वान ज्योतिषी, गुरुजनो एवं साधको के निजी अनुभव विभिन्न मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना, उपाय के प्रभावों का वर्णन करने में भेद होने पर कामना सिद्धि हेतु कि जाने वाली वाली पूजन विधि एवं उसके प्रभावों में भिन्नता संभव हैं।

आपका जीवन सुखमय, मंगलमय हो परमात्मा की कृपा
आपके परिवार पर बनी रहे। परमात्मा से यही प्राथना हैं…

चिंतन जोशी

***** गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित सूचना *****

- पत्रिका में गुरु पूर्णिमा विशेषांक में देवी उपासना से संबंधित लेख गुरुत्व कार्यालय के अधिकारों के साथ ही आरक्षित हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक में वर्णित लेखों को नास्तिक/अविश्वासु व्यक्ति मात्र पठन सामग्री समझ सकते हैं।
- गुरु उपासना का विषय आध्यात्म से संबंधित होने के कारण भारतिय धर्म शास्त्रों से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित विषयो कि सत्यता अथवा प्रामाणिकता पर किसी भी प्रकार की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक कि नहीं हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित सभी जानकारीकी प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं और ना हीं प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी के बारे में जानकारी देने हेतु कार्यालय या संपादक किसी भी प्रकार से बाध्य हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित लेखो में पाठक का अपना विश्वास होना आवश्यक हैं। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार से इन विषयो में विश्वास करने ना करने का अंतिम निर्णय स्वयं का होगा।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित लेख हमारे वर्षो के अनुभव एवं अनुशंधान के आधार पर दिए गये हैं। हम किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रयोग किये जाने वाले धार्मिक, एवं मंत्र- यंत्र या अन्य प्रयोग या उपायोकी जिन्मेदारी नहिं लेते हैं। यह जिन्मेदारी मंत्र- यंत्र या अन्य उपायोको करने वाले व्यक्ति कि स्वयं कि होगी।
- क्योकि इन विषयो में नैतिक मानदंडों, सामाजिक, कानूनी नियमों के खिलाफ कोई व्यक्ति यदि नीजी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रयोग कर्ता हैं अथवा प्रयोग के करने मे त्रुटि होने पर प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक से संबंधित जानकारी को माननने से प्राप्त होने वाले लाभ, लाभ की हानी या हानी की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं।
- हमारे द्वारा पोस्ट किये गये सभी जानकारी एवं मंत्र-यंत्र या उपाय हमने सैकडोबार स्वयं पर एवं अन्य हमारे बंधुगण पर प्रयोग किये हैं जिस्से हमे हर प्रयोग या कवच, मंत्र-यंत्र या उपायो द्वारा निश्चित सफलता प्राप्त हुई हैं।
- गुरु पूर्णिमा विशेषांक में गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रकाशित सभी उत्पादों को केवल पाठको की जानकारी हेतु दिया गया हैं, कार्यालय किसी भी पाठक को इन उत्पादों का क्रय करने हेतु किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं करता हैं। पाठक इन उत्पादों को कहीं से भी क्रय करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

(सभी विवादो केलिये केवल भुवनेश्वर न्यायालय ही मान्य होगा।)

गुरु प्रार्थना

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

गुरुर्ब्रह्मा ग्रुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

भावार्थ: गुरु ब्रह्मा हैं, गुरु विष्णु हैं, गुरु हि शंकर हैं; गुरु हि साक्षात् परब्रह्म हैं; एसे सद्गुरु को नमन ।

ध्यानमूलं गुरुर्मूतिः पूजामूलम गुरुर पदम्।
मंत्रमूलं गुरुर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरुर कृपा।।

भावार्थ: गुरु की मूर्ति ध्यान का मूल कारण है, गुरु के चरण पूजा का मूल कारण हैं, वाणी जगत के समस्त मंत्रों का और गुरु की कृपा मोक्ष प्राप्ति का मूल कारण हैं।

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव
बंधुश्च सखा त्वमेव। त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वं मम देव देव।।

ब्रह्मानंदं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्ति द्वंद्वातीतं
गगनसदृशं तत्वमस्यादिलक्ष्यम् । एकं नित्यं
विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभुतं भावातीतं त्रिगुणरहितं
सद्गुरुं तं नमामि ॥

भावार्थ: ब्रह्मा के आनंदरुप परम् सुखरुप, ज्ञानमूर्ति, द्वंद्व से परे, आकाश जैसे निर्लेप, और सूक्ष्म "तत्त्वमसि" इस ईशतत्त्व की अनुभूति हि जिसका लक्ष्य है; अद्वितीय, नित्य विमल, अचल, भावातीत, और त्रिगुणरहित - ऐसे सद्गुरु को मैं प्रणाम करता हूँ ।

गुर्वष्टकम्

शरीरं सुरूपं तथा वा कलत्रं,
यशश्चारु चित्रं धनं मेरु तुल्यम्।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥१॥
कलत्रं धनं पुत्र पौत्रादिसर्वं,
गृहो बान्धवाः सर्वमेतद्धि जातम्।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥२॥
षड़ंगादिवेदो मुखे शास्त्रविद्या,
कवित्वादि गद्यं सुपद्यं करोति।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥३॥
विदेशेषु मान्यः स्वदेशेषु धन्यः,
सदाचारवृत्तेषु मत्तो न चान्यः।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥४॥
क्षमामण्डले भूपभूपलबृब्दैः,
सदा सेवितं यस्य पादारविन्दम्।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥५॥
यशो मे गतं दिक्षु दानप्रतापात्,
जगद्वस्तु सर्वं करे यत्प्रसादात्।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥६॥
न भोगे न योगे न वा वाजिराजौ,
न कन्तामुखे नैव वित्तेषु चित्तम्।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥७॥
अरण्ये न वा स्वस्य गेहे न कार्ये,
न देहे मनो वर्तते मे त्वनर्घ्ये।
मनश्चेन लग्नं गुरोरघ्रिपद्मे,
ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥८॥
गुरोरष्टकं यः पठेत्पुरायदेही,
यतिर्भूपतिर्ब्रह्मचारी च गेही।
लमेद्वाच्छिताथं पदं ब्रह्मसंज्ञं,
गुरोरुक्तवाक्ये मनो यस्य लग्नम्॥९॥

॥इति श्रीमद आद्य शंकराचार्यविरचितम् गुर्वष्टकम् संपूर्णम्॥

भावार्थः (१) यदि शरीर रूपवान हो, पत्नी भी रूपसी हो और सत्कीर्ति चारों दिशाओं में विस्तरित हो, सुमेरु पर्वत के तुल्य अपार धन हो, किंतु गुरु के श्रीचरणों में यदि मन आसक्त न हो तो इन सारी उपलब्धियों से क्या लाभ?

(२) यदि पत्नी, धन, पुत्र-पौत्र, कुटुंब, गृह एवं स्वजन, आदि प्रारब्ध से सर्व सुलभ हो किंतु गुरु के श्रीचरणों में यदि मन आसक्त न हो तो इस प्रारब्ध-सुख से क्या लाभ?

(३) यदि वेद एवं ६ वेदांगादि शास्त्र जिन्हें कंठस्थ हों, जिनमें सुन्दर काव्य निर्माण की प्रतिभा हो, किंतु उनका मन यदि गुरु के श्रीचरणों के प्रति आसक्त न हो तो इन सदगुणों से क्या लाभ?

(४) जिन्हें विदेशों में समान आदर मिलता हो, अपने देश में जिनका नित्य जय-जयकार से स्वागत किया जाता हो और जिसके समान दूसरा कोई सदाचारी भक्त नहीं, यदि उनका भी मन गुरु के श्रीचरणों के प्रति आसक्त न हो तो सदगुणों से क्या लाभ?

(५) जिन महानुभाव के चरण कमल भूमण्डल के राजा-महाराजाओं से नित्य पूजित रहते हों, किंतु उनका मन यदि गुरु के श्रीचरणों के प्रति आसक्त न हो तो इस सदभाग्य से क्या लाभ?

(६) दानवृत्ति के प्रताप से जिनकी कीर्ति चारो दिशा में व्याप्त हो, अति उदार गुरु की सहज कृपा दृष्टि से जिन्हें संसार के सारे सुख-एश्वर्य हस्तगत हों, किंतु उनका मन यदि गुरु के श्रीचरणों में आसक्तभाव न रखता हो तो इन सारे एशवर्यों से क्या लाभ?

(७) जिनका मन भोग, योग, अश्व, राज्य, स्त्री-सुख और धन भोग से कभी विचलित न होता हो, फिर भी गुरु के श्रीचरणों के प्रति आसक्त न बन पाया हो तो मन की इस अटलता से क्या लाभ?

(८) जिनका मन वन या अपने विशाल भवन में, अपने कार्य या शरीर में तथा अमूल्य भण्डार में आसक्त न हो, पर गुरु के श्रीचरणों में भी वह मन आसक्त न हो पाये तो इन सारी अनासक्तियों का क्या लाभ?

(९) जो यति, राजा, ब्रह्मचारी एवं गृहस्थ इस गुरु अष्टक का पठन-पाठन करता है और जिसका मन गुरु के वचन में आसक्त है, वह पुण्यशाली शरीरधारी अपने इच्छितार्थ एवं ब्रह्मपद इन दोनों को संप्राप्त कर लेता है यह निश्चित है।

मंत्र सिद्ध दुर्लभ सामग्री

काली हल्दी:- 370, 550, 730, 1450, 1900	कमल गट्टे की माला - Rs- 370
माया जाल- Rs- 251, 551, 751	हल्दी माला - Rs- 280
धन वृद्धि हकीक सेट Rs-280 (काली हल्दी के साथ Rs-550)	तुलसी माला - Rs- 190, 280, 370, 460
घोडे की नाल- Rs.351, 551, 751	नवरत्न माला- Rs- 1050, 1900, 2800, 3700 & Above
हकीक: 11 नंग-Rs-190, 21 नंग Rs-370	नवरंगी हकीक माला Rs- 280, 460, 730
लघु श्रीफल: 1 नंग-Rs-21, 11 नंग-Rs-190	हकीक माला (सात रंग) Rs- 280, 460, 730, 910
नाग केशर: 11 ग्राम, Rs-145	मूंगे की माला Rs- 190, 280, Real -1050, 1900 & Above
स्फटिक माला- Rs- 235, 280, 460, 730, DC 1050, 1250	पारद माला Rs- 1450, 1900, 2800 & Above
सफेद चंदन माला - Rs- 460, 640, 910	वैजयंती माला Rs- 190, 280, 460
रक्त (लाल) चंदन - Rs- 370, 550,	रुद्राक्ष माला: 190, 280, 460, 730, 1050, 1450
मोती माला- Rs- 460, 730, 1250, 1450 & Above	विधुत माला - Rs- 190, 280
कामिया सिंदूर- Rs- 460, 730, 1050, 1450, & Above	मूल्य में अंतर छोटे से बड़े आकार के कारण हैं। >> Shop Online | Order Now

मंत्र सिद्ध स्फटिक श्री यंत्र

"श्री यंत्र" सबसे महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली यंत्र है। "श्री यंत्र" को यंत्र राज कहा जाता है क्योकि यह अत्यन्त शुभ फ़लदयी यंत्र है। जो न केवल दूसरे यन्त्रो से अधिक से अधिक लाभ देने मे समर्थ है एवं संसार के हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद साबित होता है। पूर्ण प्राण-प्रतिष्ठित एवं पूर्ण चैतन्य युक्त "श्री यंत्र" जिस व्यक्ति के घर मे होता है उसके लिये "श्री यंत्र" अत्यन्त फ़लदायी सिद्ध होता है उसके दर्शन मात्र से अन-गिनत लाभ एवं सुख की प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मे समाई अद्रितिय एवं अद्रश्य शक्ति मनुष्य की समस्त शुभ इच्छाओं को पूरा करने मे समर्थ होति है। जिस्से उसका जीवन से हताशा और निराशा दूर होकर वह मनुष्य असफ़लता से सफ़लता कि और निरन्तर गति करने लगता है एवं उसे जीवन मे समस्त भौतिक सुखो कि प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मनुष्य जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्या-बाधा एवं नकारात्मक उर्जा को दूर कर सकारत्मक उर्जा का निर्माण करने मे समर्थ है। "श्री यंत्र" की स्थापन से घर या व्यापार के स्थान पर स्थापित करने से वास्तु दोष य वास्तु से सम्बन्धित परेशानि मे न्युनता आति है व सुख-समृद्धि, शांति एवं ऐश्वर्य कि प्रप्ति होती है। >> Shop Online | Order Now

गुरुत्व कार्यालय मे विभिन्न आकार के "श्री यंत्र" उप्लब्ध है

मूल्य:- प्रति ग्राम Rs. 28.00 से Rs.100.00

GURUTVA KARYALAY
BHUBNESWAR-751018, (ODISHA), Call Us: 91 + 9338213418, 91 + 9238328785,
Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in, gurutva.karyalay@gmail.com
Visit Us: www.gurutvakaryalay.com | www.gurutvajyotish.com | www.gurutvakaryalay.blogspot.com

सर्व कार्य सिद्धि कवच

जिस व्यक्ति को लाख प्रयत्न और परिश्रम करने के बादभी उसे मनोवांछित सफलताये एवं किये गये कार्य में सिद्धि (लाभ) प्राप्त नहीं होती, उस व्यक्ति को सर्व कार्य सिद्धि कवच अवश्य धारण करना चाहिये।

कवच के प्रमुख लाभ: सर्व कार्य सिद्धि कवच के द्वारा सुख समृद्धि और **नव ग्रहों** के नकारात्मक प्रभाव को शांत कर धारण करता व्यक्ति के जीवन से सर्व प्रकार के दु:ख-दारिद्र का नाश हो कर सुख-सौभाग्य एवं उन्नति प्राप्ति होकर जीवन मे सभि प्रकार के शुभ कार्य सिद्ध होते हैं। जिसे धारण करने से व्यक्ति यदि व्यवसाय करता होतो कारोबार मे वृद्धि होति हैं और यदि नौकरी करता होतो उसमे उन्नति होती हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **सर्वजन वशीकरण** कवच के मिले होने की वजह से धारण कर्ता की बात का दूसरे व्यक्तिओ पर प्रभाव बना रहता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **अष्ट लक्ष्मी** कवच के मिले होने की वजह से व्यक्ति पर सदा मां महा लक्ष्मी की कृपा एवं आशीर्वाद बना रहता हैं। जिस्से मां लक्ष्मी के अष्ट रुप (१)-आदि लक्ष्मी, (२)-धान्य लक्ष्मी, (३)- धैर्य लक्ष्मी, (४)-गज लक्ष्मी, (५)-संतान लक्ष्मी, (६)-विजय लक्ष्मी, (७)-विद्या लक्ष्मी और (८)-धन लक्ष्मी इन सभी रुपो का अशीर्वाद प्राप्त होता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **तंत्र रक्षा** कवच के मिले होने की वजह से तांत्रिक बाधाए दूर होती हैं, साथ ही नकारात्मक शक्तियो का कोइ कुप्रभाव धारण कर्ता व्यक्ति पर नहीं होता। इस कवच के प्रभाव से इर्षा-द्वेष रखने वाले व्यक्तिओ द्वारा होने वाले दुष्ट प्रभावो से रक्षा होती हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **शत्रु विजय** कवच के मिले होने की वजह से शत्रु से संबंधित समस्त परेशानिओ से स्वतः ही छुटकारा मिल जाता हैं। कवच के प्रभाव से शत्रु धारण कर्ता व्यक्ति का चाहकर कुछ नही बिगाड़ सकते।

अन्य कवच के बारे मे अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपर्क करे:

किसी व्यक्ति विशेष को सर्व कार्य सिद्धि कवच देने नही देना का अंतिम निर्णय हमारे पास सुरक्षित हैं।

गुरुमंत्र के प्रभाव से ईष्ट दर्शन

संकलन गुरुत्व कार्यालय

विद्वानो के अनुशार शास्त्रोक्त उल्लेख हैं की कोई भी मंत्र निश्चित रूप से अपना प्रभाव अवश्य रखते हैं।

जिस प्रकार पानी में कंकड़-पत्थर डालने से उसमें तरंगे उठती हैं उसी प्रकार से मंत्रजप के प्रभाव से हमारे भीतर आध्यात्मिक तरंग उत्पन्न होती हैं। जो हमारे इर्द-गिर्द सूक्ष्म रूप से एक सुरक्षा कवच जैसा प्रकाशित वलय (अर्थात ओरा) का निर्माण होता हैं। उन ओरा का सूक्ष्म जगत में उसका प्रभाव पड़ता है। जो खुली आंखो से सामान्य व्यक्ति को उसका प्रभाव दिखाई नहीं देता। उस सुरक्षा कवच से व्यक्ति को नकारात्मक प्रभावी जीव व शक्तिया उसके पास नहीं आ सकतीं।

श्रीमदभगवदगीता की 'श्री मधुसूदनी टीका' प्रचलित एवं महत्त्वपूर्ण टीकाओं में से एक हैं। इस टीका के रचयिता श्री मधुसूदन सरस्वतीजी जब संकल्प करके लेखनकार्य के लिए बैठे ही थे कि एक तेजस्वी आभा लिये परमहंस संन्यासी अचानक घर का द्वार खोलकर भीतर आये और बोलेः "अरे मधुसूदन! तू गीता पर टीका लिखता है तो गीताकार से मिला भी है कि ऐसे ही कलम उठाकर बैठ गया है? तूने कभी भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किये हैं कि ऐसे ही उनके वचनों पर टीका लिखने लग गया?"

श्री मधुसूदनजी तो थे वेदान्ती, अद्वैतवादी। वे बोलेः "दर्शन तो नहीं किये। निराकार ब्रह्म-परमात्मा सबमें एक ही है। श्रीकृष्ण के रूप में उनका दर्शन करने का हमारा प्रयोजन भी नहीं है। हमें तो केवल उनकी गीता का अर्थ स्पष्ट करना है।"

"संन्यासी बोले नहीं ....पहले उनके दर्शन करो फिर उनके शास्त्र पर टीका लिखो। लो यह मंत्र। छः महीने इसका अनुष्ठान करो। भगवान प्रकट होंगे। उनसे प्रेरणा मिले फिर लेखनकार्य का प्रारंभ करो।"

मंत्र देकर बाबाजी चले गये। श्री मधुसूदनजी ने अनुष्ठान शुरु किया। अनुष्ठान के छः महीने पूर्ण हो गये लेकिन श्रीकृष्ण के दर्शन न हुए। 'अनुष्ठान में कुछ त्रुटि रह गई होगी' ऐसा सोचकर श्री मधुसूदनजी ने दूसरे छः महीने में दूसरा अनुष्ठान किया फिर भी श्रीकृष्ण दर्शन न हुए।

दो बार अनुष्ठान के उरांत असफलता प्राप्त होने पर श्री मधुसूदन के चित्त में ग्लानि हो गई। सोचा किः 'किसी अजनबी बाबाजी के कहने से मैंने बारह मास बिगाड़ दिये अनुष्ठानों में।

सबमें ब्रह्म माननेवाला मैं 'हे कृष्ण ...हे भगवान ... दर्शन दो ...दर्शन दो...' ऐसे मेरा गिड़गिड़ाना?

जो श्रीकृष्ण की आत्मा है वही मेरी आत्मा है। उसी आत्मा में मस्त रहता तो ठीक रहता। श्रीकृष्ण आये नहीं और पूरा वर्ष भी चला गया। अब क्या टीका लिखना?"

वे ऊब गये। अब न टीका लिख सकते हैं न तीसरा अनुष्ठान कर सकते हैं। चले गये यात्रा करने को तीर्थ में। वहाँ पहुँचे तो सामने से एक चमार आ रहा था। उस चमार ने इनको पहली बार देखा और श्री मधुसूदनजी ने भी चमार को पहली बार देखा।

चमार ने कहाः "बस, स्वामीजी! थक गये न दो अनुष्ठान करके?"

श्रीमधुसूदन स्वामी चौंके! सोचाः "अरे मैंने अनुष्ठान किये, यह मेरे सिवा और कोई जानता नहीं। इस चमार को कैसे पता चला?"

वे चमार से बोलेः "तेरे को कैसे पता चला?", "कैसे भी पता चला। बात सच्ची करता हूँ कि नहीं? दो अनुष्ठान करके थककर आये हो। ऊब गये, तभी इधर आये हो। बोलो, सच कि नहीं?"

"भाई! तू भी अन्तर्यामी गुरु जैसा लग रहा है। सच बता, तूने कैसे जाना?"

"स्वामी जी! मैं अन्तर्यामी भी नहीं और गुरु भी नहीं। मैं तो हूँ जाति का चमार। मैंने भूत को अपने वश में

किया है। मेरे भूत ने बतायी आपके अन्तःकरण की बात।"

श्री मधुसूदनजी बोले "भाई! देख श्रीकृष्ण के तो दर्शन नहीं हुए, कोई बात नहीं। प्रणव का जप किया, कोई दर्शन नहीं हुए। गायत्री का जप किया, दर्शन नहीं हुए। अब तू अपने भूत का ही दर्शन करा दे, चल।"

चमार ने कहाः "स्वामी जी! मेरा भूत तो तीन दिन के अंदर ही दर्शन दे सकता है। 72घण्टे में ही वह आ जायेगा। लो यह मंत्र और उसकी विधि।"

श्री मधुसूदनजी ने चमार द्वारा बताई गई पूर्ण विधि जाप किया। एक दिन बीता, दूसरा बीता, तीसरा भी बीत गया और चौथा शुरु हो गया। 72घण्टे तो पूरे हो गये। भूत आया नहीं। गये चमार के पास। श्री मधुसूदनजी बोलेः "श्री कृष्ण के दर्शन तो नहीं हुए मुझे तेरा भूत भी नहीं दिखता?" चमार ने कहाः "स्वामी जी! दिखना चाहिए।"

श्री मधुसूदनजी ने कहाः "नहीं दिखा।"

चमार ने कहाः "मैं उसे रोज बुलाता हूँ, रोज देखता हूँ। ठहरिये, मैं बुलाता हूँ, उसे।" वह गया एक तरफ और अपनी विधि करके उस भूत को बुलाया, भूत से बात की और वापस आकर बोलाः

"बाबा जी! वह भूत बोलता है कि मधुसूदन स्वामी ने ज्यों ही मेरा नाम स्मरण किया, तो मैं खिंचकर आने लगा। लेकिन उनके करीब जाने से मेरे को आग जैसी तपन लगी। उनका तेज मेरे से सहा नहीं गया। उन्होंने सकारात्मक शक्तिओं का अनुष्ठान किया है तो उनका आध्यात्मिक ओज इतना बढ़ गया है कि हमारे जैसे तुच्छ शक्तियां उनके करीब खड़े नहीं रह सकते। अब तुम मेरी ओर से उनको हाथ जोड़कर प्रार्थना करना कि वे फिर से अनुष्ठान करें तो सब प्रतिबन्ध दूर हो जायेंगे और भगवान श्रीकृष्ण मिलेंगे। बाद में जो गीता की टीका लिखेंगे। वह बहुत प्रसिद्ध होगी।"

श्री मधुसूदन जी ने फिर से अनुष्ठान किया, भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए और बाद में भगवदगीता पर टीका लिखी। आज भी वह 'श्री मधुसूदनी टीका' के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

जिन्हें सद्द भाग्य से गुरुमंत्र मिला है और वहं पूर्ण निष्ठा व विश्वास से विधि-विधान से उसका जप करता है। उसे सभी प्रकार कि सिद्धिया स्वतः प्राप्त हो जाती हैं। उसे नकारात्मक शक्तियां व प्रभावीजीव कष्ट नहीं पहूंचा सकते।

***

गुरुमंत्र के प्रभाव से रक्षा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

'स्कन्द पुराण' के ब्रह्मोत्तर खण्ड में उल्लेख हैः काशी नरेश की कन्या कलावती के साथ मथुरा के दाशार्ह नामक राजा का विवाह हुआ।

विवाह के बाद राजा ने अपनी पत्नी को बुलाया और संसार-व्यवहार स्थापीत करने की बात कहीं परंतु पत्नी ने इन्कार कर दिया। तब राजा ने जबर्दस्ती करने की बात कही।

पत्नी ने कहाः "स्त्री के साथ संसार-व्यवहार करना हो तो बल-प्रयोग नहीं, प्यार स्नेह-प्रयोग करना चाहिए।

पत्नी ने कहाः नाथ ! मैं आपकी पत्नी हूँ, फिर भी आप मेरे साथ बल-प्रयोग करके संसार-व्यवहार न करें।"

आखिर वह राजा था। पत्नी की बात सुनी-अनसुनी करके पत्नी के नजदीक गया। ज्यों ही उसने पत्नी का स्पर्श किया त्यों ही उसके शरीर में विद्युत जैसा करंट लगा।

उसका स्पर्श करते ही राजा का अंग-अंग जलने लगा। वह दूर हटा और बोलाः "क्या बात है? तुम इतनी सुन्दर और कोमल हो फिर भी तुम्हारे शरीर के स्पर्श से मुझे जलन होने लगी?"

पत्नीः "नाथ ! मैंने बाल्यकाल में दुर्वासा ऋषि से गुरुमंत्र लिया था। वह जपने से मेरी सात्त्विक ऊर्जा का विकास हुआ है।

जैसे, रात और दोपहर एक साथ नहीं रहते उसी तरह आपने शराब पीने वाली वेश्याओं के साथ और कुलटाओं के साथ जो संसार-भोग भोगा हैं, उससे आपके पाप के कण आपके शरीर में, मन में, बुद्धि में अधिक है और मैंने जो मंत्रजप किया है उसके कारण मेरे शरीर में ओज, तेज, आध्यात्मिक कण अधिक हैं।

इसलिए मैं आपके नजदीक नहीं आती थी बल्कि आपसे थोड़ी दूर रहकर आपसे प्रार्थना करती थी। आप बुद्धिमान हैं बलवान हैं, यशस्वी हैं धर्म की बात भी आपने सुन रखी है। फिर भी आपने शराब पीनेवाली वेश्याओं के साथ और कुलटाओं के साथ भोग भोगे हैं।"

राजाः "तुम्हें इस बात का पता कैसे चल गया?"

पत्नीः "नाथ ! हृदय शुद्ध होता है तो यह ख्याल स्वतः आ जाता है।"

राजा प्रभावित हुआ और रानी से बोलाः "तुम मुझे भी भगवान शिव का वह मंत्र दे दो।"

रानीः"आप मेरे पति हैं। मैं आपकी गुरु नहीं बन सकती। हम दोनों गर्गाचार्य महाराज के पास चलते हैं।"

दोनों गर्गाचार्यजी के पास गये और उनसे प्रार्थना की। उन्होंने स्नानादि से पवित्र हो, यमुना तट पर अपने शिवस्वरूप के ध्यान में बैठकर राजा-रानी को द्रष्टीपात से पावन किया। फिर शिवमंत्र देकर अपनी शांभवी दीक्षा से राजा पर शक्तिपात किया। विद्वानो के मतानुशार कथा मे उल्लेख हैं कि देखते-ही-देखते सैकडो तुच्छ परमाणु राजा के शरीर से निकल-निकलकर पलायन कर गये।

गुरुमंत्र के जप से अलौकिक सिद्धिया प्राप्त होती हैं

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

कौंडिण्यपुर में शशांगर नाम के राजा राज्य करते थे। वे प्रजापालक थे। उनकी रानी मंदाकिनी भी पतिव्रता, धर्मपरायण थी। लेकिन संतान न होने के कारण दोनों दुःखी रहते थे।

उन्होंने रामेश्वर जाकर संतान प्राप्ति के लिए शिवजी की पूजा, तपस्या का विचार किया। पत्नी को लेकर राजा रामेश्वर की ओर चल पड़े। मार्ग में कृष्णा-तुंगभद्रा नदी के संगम-स्थल पर दोनों ने स्नान किया और वहीं निवास करते हुए वे शिवजी की आराधना करने लगे।

एक दिन स्नान करके दोनों लौट रहे थे कि राजा को मित्रि सरोवर में एक शिवलिंग दिखाई पड़ा। उन्होंने वह शिवलिंग उठा लिया और अत्यंत श्रद्धा से उसकी प्राण-प्रतिष्ठा की। राजा रानी पूर्ण निष्ठा से शिवजी की पूजा-अर्चना करने लगे। संगम में स्नान करके शिवलिंग की पूजा करना उनका नित्यक्रम बन गया।

एक दिन कृष्णा नदी में स्नान करके राजा सूर्यदेवता को अर्घ्य देने के लिए अंजलि में जल ले रहे थे, तभी उन्हें एक शिशु दिखाई दिया। उन्हें आसपास दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आया। तब राजा ने सोचा कि 'जरूर भगवान शिवजी की कृपा से ही मुझे इस शिशु की प्राप्ति हुई है !' वे अत्यंत हर्षित हुए और अपनी पत्नी के पास जाकर उसको सब वृत्तांत सुनाया।

वह बालक गोद में रखते ही मंदाकिनी के आचल से दूध की धारा बहने लगी। रानी मंदाकिनी बालक को स्तनपान कराने लगी। धीरे-धीरे बालक बड़ा होने लगा। वह बालक कृष्णा नदी के संगम-स्थान पर प्राप्त होने के कारण उसका नाम '**कृष्णागर**' रखा गया।

राजा-रानी कृष्णागर को लेकर अपनी राजधानी कौंडिण्युपर में वापस लौट आये। ऐसे अलौकिक बालक को देखने के लिए सभी राज्यवासी राजभवन में आये। बड़े उत्साह के साथ समारोहपूर्वक उत्सव मनाया गया।

जब कृष्णागर 17 वर्ष का युवक हुआ तब राजा ने अपने मंत्रियों को कृष्णागर के लिए उत्तम कन्या ढूँढने की आज्ञा दी। परंतु कृष्णागर के योग्य कन्या उन्हें कहीं भी न मिली। उसके बाद कुछ ही दिनों में रानी मंदाकिनी की मृत्यु हो गयी। अपनी प्रिय रानी के मर जाने का राजा को बहुत दुःख हुआ। उन्होंने वर्षभर श्राद्धादि सभी कार्य पूरे किये और अपनी मदन-पीड़ा के कारण चित्रकूट के राजा भुजध्वज की नवयौवना कन्या भुजावंती के साथ दूसरा विवाह किया। उस समय भुजावंती की उम्र 13 वर्ष की थी और राजा शशांगर का पुत्र कृष्णागर की उम्र 17 वर्ष की थी।

एक दिन राजा शिकार खेलने राजधानी से बाहर गये हुए थे। कृष्णागर महल के प्रांगण में खड़े होकर खेल रहा था। उसका शरीर अत्यंत सुंदर व आकर्षक होने के कारण भुजावंती उस पर आसक्त हो गयी। उसने एक दासी के द्वारा कृष्णागर को अपने पास बुलवाया और उसका हाथ पकड़कर कामेच्छा पूरण करने की माँग की।

तब कृष्णागर न कहाः "हे माते ! मैं तो आपका पुत्र हूँ और आप मेरी माता हैं। अतः आपको यह शोभा नहीं देता। आप माता होकर भी पुत्र से ऐसा पापकर्म करवाना चाहती हो !'

ऐसा कहकर गुस्से से कृष्णागर वहाँ से चला गया। कृष्णागर के वहां से चले जाने के बाद में भुजावंती को अपने पापकर्म पर पश्चाताप होने लगा। राजा को इस बात का पता चल जायेगा, इस भय के कारण वह आत्महत्या करने के लिए प्रेरित हुई। परंतु उसकी दासी ने उसे समझायाः 'राजा के आने के बाद तुम ही कृष्णागर के खिलाफ बोलना शुरु कर दो कि उसने मेरा सतीत्व लूटने की कोशिश की। यहाँ मेरे सतीत्व की रक्षा नहीं हो सकती। कृष्णागर बुरी नियत का है, अब आपको जो करना है सो करो, मेरी तो जीने की इच्छा नहीं।'

राजा के आने के बाद रानी ने सब वृत्तान्त इसी प्रकार राजा को बताया जिस प्रकार से दासी ने बताया। राजा ने कृष्णागर की ऐसी हरकत सुनकर क्रोध के आवेश में अपने मंत्रियों को उसके हाथ-पैर तोड़ने की आज्ञा दे दी।

आज्ञानुसार वे कृष्णागर को ले गये। परंतु राजसेवकों को लगा कि राजा ने आवेश में आकर आज्ञा दी है। कहीं अनर्थ न हो जाय ! इसलिए कुछ सेवक पुनः राजा के पास आये। राजा का मन परिवर्तन करने की अभिलाषा से वापस आये हुए कुछ राजसेवक और अन्य नगर निवासी अपनी आज्ञा वापस लेने के राजा से अनुनय-विनय करने लगे। परंतु राजा का आवेश शांत नहीं हुआ और फिर से वही आज्ञा दी।

फिर राजसेवक कृष्णागर को चौराहे पर ले आये। सोने के चौरंग (चौकी) पर बिठाया और उसके हाथ पैर बाँध दिये। यह दृश्य देखकर नगरवासियों की आँखों मे दयावश आँसू बह रहे थे। आखिर सेवकों ने आज्ञाधीन होकर कृष्णागर के हाथ-पैर तोड़ दिये। कृष्णागर वहीं चौराहे पर पड़ा रहा।

कुछ समय बाद दैवयोग से नाथ पंथ के योगी मछेंद्रनाथ अपने शिष्य गोरखनाथ के साथ उसी राज्य में आये। वहाँ लोगों के द्वारा कृष्णागर के विषय में चर्चा सुनी। परंतु ध्यान करके उन्होंने वास्तविक रहस्य का पता लगाया। दोनों ने कृष्णागर को चौरंग पर देखा, इसलिए उसका नाम 'चौरंगीनाथ' रख दिया। फिर राजा से स्वीकृति लेकर चौरंगीनाथ को गोद में उठा लिया और बदरिकाश्रम गये। मछेन्द्रनाथ ने गोरखनाथ से कहाः "तुम चौरंगी को नाथ पंथ की दीक्षा दो और सर्व विद्याओं में इसे पारंगत करके इसके द्वारा राजा को योग सामर्थ्य दिखाकर रानी को दंड दिलवाओ।"

गोरखनाथ ने कहाः "पहले मैं चौरंगी का तप सामर्थ्य देखूँगा।" गोरखनाथ के इस विचार को मछेंद्रनाथ ने स्वीकृति दी।

चौरंगीनाथ को पर्वत की गुफा में बिठाकर गोरखनाथ ने कहाः 'तुम्हारे मस्तक के ऊपर जो शिला है, उस पर दृष्टि टिकाये रखना और मैं जो मंत्र देता हूँ उसी का जप चालू रखना। अगर दृष्टि वहाँ से हटी तो शिला तुम पर गिर जायेगी और तुम्हारी मृत्यु हो जायेगी। इसलिए शिला पर ही दृष्टि टिका कर रखना।' ऐसा कहकर गोरखनाथ ने उसे मंत्रोपदेश दिया और गुफा का द्वार इस तरह से बंद किया कि अंदर कोई वन्य पशु प्रवेश न कर सके। फिर अपने योगबल से चामुण्डा देवी को प्रकट करके आज्ञा दी कि इसके लिए रोज फल लाकर रखना ताकि यह उन्हें खाकर जीवित रहे।

उसके बाद दोनों तीर्थयात्रा के लिए चले गये। चौरंगीनाथ शिला गिरने के भय से उसी पर दृष्टि जमाये बैठे थे। फल की ओर तो कभी देखा ही नहीं वायु भक्षण करके बैठे रहते। इस प्रकार की योगसाधना से उनका शरीर कृश हो गया।

मछेंद्रनाथ और गोरखनाथ तीर्थाटन करते हुए जब प्रयाग पहुँचे तो वहाँ उन्हें एक शिवमंदिर के पास राजा त्रिविक्रम का अंतिम संस्कार होते हुए दिखाई पड़ा। नगरवासियों को अत्यंत दुःखी देखकर गोरखनाथ को अत्यंत दयाभाव उमड़ आया और उन्होंने मछेन्द्रनाथ से प्रार्थना की कि राजा को पुनः जीवित करें। परंतु राजा ब्रह्मस्वरूप में लीन हुए थे इसलिए मछेन्द्रनाथ ने राजा को जीवित करने की स्वीकृति नहीं दी। परंतु गोरखनाथ ने कहाः "मैं राजा को जीवित करके प्रजा को सुखी

करूँगा। अगर मैं ऐसा नहीं कर पाया तो स्वयं देह त्याग दूँगा।"

प्रथम गोरखनाथ ने ध्यान के द्वारा राजा का जीवनकाल देखा तो सचमुच वह ब्रहम में लीन हो चुका था। फिर गुरुदेव को दिए हुए वचन की पूर्ति के लिए गोरखनाथ प्राणत्याग करने के लिए तैयार हुए। तब गुरु मछेंद्रनाथ ने कहाः "राजा की आत्मा ब्रहम में लीन हुई है तो मैं इसके शरीर में प्रवेश करके 12 वर्ष तक रहूँगा। बाद में मैं लोक कल्याण के लिए मैं मेरे शरीर में पुनः प्रवेश करूँगा। तब तक तू मेरा यह शरीर सँभाल कर रखना।"

मछेंद्रनाथ ने तुरंत देहत्याग करके राजा के मृत शरीर में प्रवेश किया। राजा उठकर बैठ गया। यह आश्चर्य देखकर सभी जनता हर्षित हुई। फिर प्रजा ने अग्नि को शांत करने के लिए राजा का सोने का पुतला बनाकर अंत्यसंस्कार-विधि की।

गोरखनाथ की भेंट शिवमंदिर की पुजारिन से हुई। उन्होंने उसे सब वृत्तान्त सुनाया और गुरुदेव का शरीर 12 वर्ष तक सुरक्षित रखने का योग्य स्थान पूछा। तब पुजारिन ने शिवमंदिर की गुफा दिखायी। गोरखनाथ ने गुरुवर के शरीर को गुफा में रखा। फिर वे राजा से आज्ञा लेकर आगे तीर्थयात्रा के लिए निकल पड़े।

12 वर्ष बाद गोरखनाथ पुनः बदरिकाश्रम पहुँचे। वहाँ चौरंगीनाथ की गुफा में प्रवेश किया। देखा कि एकाग्रता, गुरुमंत्र का जप तथा तपस्या के प्रभाव से चौरंगीनाथ के कटे हुए हाथ-पैर पुनः निकल आये हैं।

यह देखकर गोरखनाथ अत्यंत प्रसन्न हुए। फिर चौरंगीनाथ को सभी विद्याएँ सिखाकर तीर्थयात्रा करने साथ में ले गये। चलते-चलते वे कौंडिण्यपुर पहुँचे। वहाँ राजा शशांगर के बाग में रुक गये। गोरखनाथ ने चौरंगीनाथ तो आज्ञा दी कि राजा के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करे।

चौरंगीनाथ ने वातास्त्र मंत्र से अभिमंत्रित भस्म का प्रयोग करके राजा के बाग में जोरों की आँधी चला दी। वृक्षादि टूट-टूटकर गिरने लगे, माली लोग ऊपर उठकर धरती पर गिरने लगे। इस आँधी का प्रभाव केवल बाग में ही दिखायी दे रहा था इसलिए लोगों ने राजा के पास समाचार पहुँचाया। राजा हाथी-घोड़े, लशकर आदि के साथ बाग में पहुँचे। चौरंगीनाथ ने वातास्त्र के द्वारा राजा का सम्पूर्ण लशकर आदि आकाश में उठाकर फिर नीचे पटकना शुरु किया। कुछ नगरवासियों ने चौरंगीनाथ को अनुनय-विनय किया तब उसने पर्वतास्त्र का प्रयोग करके राजा को उसके लशकर सहित पर्वत पर पहुँचा दिया और पर्वत को आकाश में उठाकर धरती पर पटक दिया।

फिर गोरखनाथ ने चौरंगीनाथ को आज्ञा दी कि वह अपने पिता का चरणस्पर्श करे। चौरंगीनाथ राजा का चरणस्पर्श करने लगे किंतु राजा ने उन्हें पहचाना नहीं। तब गोरखनाथ ने बतायाः "तुमने जिसके हाथ-पैर कटवाकर चौराहे पर डलवा दिया था, यह वही तुम्हारा पुत्र कृष्णागर अब योगी चौरंगीनाथ बन गया है।"

गोरखनाथ ने रानी भुजावंती का संपूर्ण वृत्तान्त राजा को सुनाया। राजा को अपने कृत्य पर पश्चाताप हुआ। उन्होंने रानी को राज्य से बाहर निकाल दिया। गोरखनाथ ने राजा से कहाः "अब तुम तीसरा विवाह करो। तीसरी रानी के द्वारा तुम्हें एक अत्यंत गुणवान, बुद्धिशाली और दीर्घजीवी पुत्र की प्राप्ति होगी। वही राज्य का उत्तराधिकारी बनेगा और तुम्हारा नाम रोशन करेगा।" राजा ने तीसरा विवाह किया। उससे जो पुत्र प्राप्त हुआ, समय पाकर उस पर राज्य का भार सौंपकर राजा वन में चले गये और ईश्वरप्राप्ति के साधन में लग गये। गोरखनाथ के साथ तीर्थों की यात्रा करके चौरंगीनाथ बदरिकाश्रम में रहने लगे।

इस प्रकार गुरुकृपा से कृष्णागर को गुरुमंत्र प्राप्त हुवा गुरुमंत्र का निष्ठा से जप कर के उन्हें सिद्धिया प्राप्त हुई व अपना खोया हुवा मान-समान पूनः प्राप्त हुवा।

आरुणि की गुरुभक्ति

संकलन गुरुत्व कार्यालय

पौराणिक कथा के अनुशार महर्षि आयोदधौम्य के आश्रम में बहुत से शिष्य थे। सभी शिष्य गुरुदेव महर्षि आयोदधौम्य की बड़े प्रेम से सेवा करते थे। एक दिन संध्या के समय वर्षा होने लगी। मौसम को देखते हुएं अंदाजा लगना मुश्किल था की अगले कुछ समय तक वर्षा होगी या नहीं, इसका कुछ ठीक-ठिकाना नहीं था। वर्षा बहुत जोरसे हो रही थी। महर्षिने सोचा कि कहीं अपने धान के खेत की मेड़ अधिक पानी भरने से टूट जायगी तो खेतमें से सब पानी बह जायगा। पीछे फिर वर्षा न हो तो धान बिना पानी के सूख जायेगा। हर्षिने आरुणि से कहा—'बेटा आरुणि !तुम खेत पर जाकर देखो, की कही मेड़ टूटनेसे खेत का पानी बह न जाय।'

आरुणि अपने गुरुदेव की आज्ञा पाकर वर्षा में भीगते हुए खेतपर चले गये। वहाँ जाकर उन्हेंने देखा कि खेतकी मेड़ एक स्थान पर टूट गयी है और वहाँ से बड़े जोरसे पानी बाहर निकल रहा है। आरुणि ने टूटे हुए स्थान पर मिट्टी रखकर मेड़ बाँधना चाहा। पानी वेग से निकल रहा था और वर्षा से मिट्टी भी गीली हो गयी थी, इस लिये आरुणि जितनी मिट्टी मेड़ बाँधने के लिये रखते थे, उसे पानी बहा ले जाता था। बहुत देर परिश्रम करके भी जब आरुणि मेड़ न बाँध सके तो वे उस टूटी मेड़के पास स्वयं लेट गये। उनके शरीरसे पानीका बहाव रुक गया।

उस दिन पूरी रात आरुणि पानीभरे खेतमें मेड़से सटे पड़े रहे। सर्दी से उनका सारा शरीर भी अकड़ गया, लेकिन गुरुदेव के खेतका पानी बहने न पाये, इस विचार से वे न तो तनिक भी हिले और न उन्होंने करवट बदली। इस कारण आरुणि के शरीरमें भयंकर पीड़ा होते रहने पर भी वे चुपचाप पड़े रहे। सबेरा होने पर पूजा और हवन करके सब शिष्य गुरुदेव को प्रणाम करते थे। महर्षि आयोदधौम्यने देखा कि आज सबेरे आरुणि प्रणाम करने नहीं आया।

महर्षिने दूसरे विद्यार्थियोंसे पूछा:'आरुणि कहाँ है?'

विद्यार्थियों ने कहा: 'कल शामको आपने आरुणि को खेतकी मेड़ बाँधनेको भेजा था, तबसे वह लौटकर नहीं आया।'

महर्षि उसी समय दूसरे विद्यर्थियों को साथ लेकर आरुणि को ढूँढ़ने निकल पड़े। महर्षि ने खेत पर जाकर आरुणि को पुकारा। आरुणि से ठण्ड के मारे बोला तक नहीं जाता था। उन्होंने किसी प्रकार अपने गुरुदेवकी को उत्तर दिया। महर्षि ने वहाँ पहुँच कर अपने आज्ञाकारी शिष्यको उठाकर हृदय से लगा लिया, आशीर्वाद दिया:'पुत्र आरुणि ! तुम्हें सब विद्याएँ अपने-आप ही आ जायँ।' अपने गुरुदेव के आशीर्वाद से आरुणि बड़े भारी विद्वान हो गए।

सद् गुरु के त्याग से दरिद्रता आती हैं

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिवाजी के गुरुदेव श्री समर्थ रामदास के इर्द-गिर्द राजसी और भोजन-भगत बहुत हो गये थे। तुकारामजी की भक्त सादगी युक्त रहते थे।

तुकारामजी कहीं भी भजन-कीर्तन करने जाते तो कीर्तन करानेवाले गृहस्थ का सीरा-पूड़ी, आदि भोजन ग्रहण नहीं करते थे। तुकारामजी सादी-सूदी रोटी, तंदूर की भाजी और छाछ लेते। घोड़ागाडी, ताँगा आदि का उपयोग नहीं करते और पैदल चलकर जाते। उनका जीवन एक तपस्वी का जीवन था।

तुकारामजी के कई सारे शिष्यो में से एक शिष्य न्व देखा कि समर्थ रामदास के साथ में जो लोग जाते हैं वे अच्छे कपड़े पहनते हैं, सीरा-पूड़ी आदि उत्तम प्रखार के व्यंजन खाते हैं। कुछ भी हो, समर्थ रामदास शिवाजी महाराज के गुरु हैं, अर्थात राजगुरु हैं। उनके यहां रहने वाले शिष्यों को खाने-पीने का, अमन-चमन आदि का, खूब मौज है। उनके शिष्यों को समाज में मान-सम्मान भी मिलता है। हमारे गुरु तुकारामजी महाराज के पास कुछ नहीं है। मखमल के गद्दी-तकिये नहीं, खाने-पहनने की ठीक व्यवस्था नहीं। यहाँ रहकर क्या करें ?

शिष्य के चितमें इस प्रकार का चिंतन-मनन करते-करते समर्थ रामदास की मण्डली में जाने का आकर्षण पैदा हो गया हुआ।

शिष्य पहुँचा समर्थजी के पास और हाथ जोड़कर प्रार्थना कीः "महाराज ! आप मुझे अपना शिष्य बनायें। आपकी मण्डली में रहूँगा, भजन-कीर्तन आदि करूँगा। आपकी सेवा में रहूँगा।"

समर्थ जी ने पूछाः "तू पहले कहाँ रहता था?"

शिष्य बोला: "तुकारामजी महाराज के वहाँ।" ।

"तुकारामजी महाराज से तूने गुरुमंत्र लिया है तो मैं तुझे कैसे मंत्र दूँ?

अगर मेरा शिष्य बनना है, मेरा मंत्र लेना है तो तुकारामजी को मंत्र और माला वापस दे आ। पहले गुरुमंत्र का त्याग कर तो मैं तेरा गुरु बनूँ।"

समर्थजी ने उसको सत्य समझाने के लिए वापस भेज दिया। शिष्य तो खुश हो गया कि मैं अभी तुकारामजी का त्याग करके आता हूँ।

तुकाराम जैसे सदगुरु का त्याग करने की कुबुद्धि शिष्य को आयी ?

समर्थजी ने उसको सबक सिखाने का निश्चय किया।

चेला खुश होता हुआ तुकारामजी के पास पहुँचाः

"महाराज ! मुझे आपका शिष्य अब नहीं रहना है।"

तुकारामजी ने कहाः "मैंने तुझे शिष्य बनाने के लिए खत लिखकर बुलाया ही कहाँ था ? तू ही अपने आप आकर शिष्य बना था, भाई ! कण्ठी मैंने कहाँ पहनाई है ? तूने ही अपने हाथ से बाँधी है। मेरे गुरुदेव ने जो मंत्र मुझे दिया था वह तुझे बता दिया। उसमें मेरा कुछ नहीं है।"

शिष्य: "फिर भी महाराज ! मुझे यह कण्ठी नहीं चाहिए।"

तुकारामजी: "नहीं चाहिए तो तोड़ दो।"

चेले ने खींचकर कण्ठी तोड़ दी। "अब आपका मंत्र ?"

तुकारामजी ने कहा:"वह तो मेरे गुरुदेव आपाजी चैतन्य का प्रसाद है। उसमें मेरा कुछ नहीं है।"

शिष्य बोला: "महाराज ! मुझे वह नहीं चाहिए। मुझे तो दूसरा गुरु करना है।"

तुकारामजी बोले: "अच्छा, तो मंत्र त्याग दे।"

"कैसे त्यागूँ ?"

"मंत्र बोलकर पत्थर पर थूक दे। मंत्र का त्याग हो जायगा।"

उस अभागे शिष्य ने गुरुमंत्र का त्याग करने के लिए मंत्र बोलकर पत्थर पर थूक दिया।

तब अनोखी घटना घटी। पत्थर पर थूकते ही वह मंत्र उस पत्थर पर अंकित हो गया।

शिष्य तुकारामजी के यहां से वह गया समर्थ जी के पास। बोलाः "महाराज ! मैं मंत्र और कण्ठी वापस दे आया हूँ। अब आप मुझे अपना शिष्य बनाओ।"

समर्थ जी ने पूछा: "मंत्र का त्याग किया उस समय क्या हुआ था ?"

शिष्य बोला: "वह मंत्र पत्थर पर अंकित हो गया था।"

समर्थजी बोले: "ऐसे गुरुदेव का त्याग करके आया जिनका मंत्र पत्थर पर अंकित हो जाता है ? पत्थर जैसे पत्थर पर मंत्र का प्रभाव पड़ा लेकिन तुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा तो कमबख्त तू मेरे पास क्या लेने आया है ? तू तो पत्थर से भी गया बीता है तो इधर तू क्या करेगा ? खाने के लिए आया है ?"

शिष्य बोला:"महाराज ! वहाँ गुरु का त्याग किया और यहाँ आपने मुझे लटकता रखा ?"

समर्थजी बोले: "तेरे जैसे लटकते ही रहते हैं। अब जा, घंटी बजाता रेह। अगले जन्म में तू बैल बन जाना, गधा बन जाना, घोड़ा बन जाना।"

विद्वानो के मतानुशार शास्त्र कहते हैं गुरु का दिया हुआ मंत्र त्यागने से आदमी दरिद्र हो जाता है।

समर्थजी ने सुनादियाः "तेरे जैसे गुरुद्रोही को मैं शिष्य बनाऊँगा ? जा भाई, जा। अपना रास्ता नाप।"

वह तो रामदासजी के समक्ष कान पकड़कर उठ-बैठ करने लगा, नाक रगड़ने लगा। रोते-रोते प्रार्थना करने लगा। तब करुणामूर्ति स्वामी रामदास ने कहाः "तुकारामजी उदार आत्मा हैं। वहाँ जा। मेरी ओर से प्रार्थना करना। कहना कि समर्थ ने प्रणाम कहे हैं। तू अपनी गलती की क्षमा माँगना।"

शिष्य अपने गुरु के पास वापस लौटा। तुकारामजी समझ गये कि समर्थ का भेजा हुआ है तो मैं इन्कार कैसे करूँ ?

बोलेः "अच्छा भाई ! तू आया था, कण्ठी लिया था। हमने दी, तूने छोड़ी। फिर लेने आया है तो फिर दे देते हैं। समर्थ ने भेजा है तो चलो ठीक है। समर्थ की जय हो !"

स्वयं भगवान शंकरजी ने कहां हैं:

गुरुत्यागात् भवेन्मृत्युः मंत्रत्यागात् दरिद्रता।
गुरुमंत्रपरित्यागी रौरवं नरकं व्रजेत्।। (गुरुगीता)

विद्वानो के अनुशार गुरुभक्तियोग के अनुशार एक बार गुरु कर लेने के बाद गुरु का त्याग नहीं करना चाहिए। गुरु का त्याग करने से तो यह अच्छा है कि शिष्य पहले से ही गुरु न करे और संसार में सड़ता रहे, भटकता रहे। एक बार गुरु करके उनका त्याग कभी नहीं करना चाहिए।

मंत्रजाप से शास्त्रज्ञान

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

रामवल्लभशरणजी किसी संत के दर्शनगये।

संत ने पूछाः तूम्हें "क्या चाहिए?"

रामवल्लभशरणः "महाराज ! भगवान इश्वर की भक्ति और शास्त्रों का ज्ञान चाहिए।"

रामवल्लभशरणजी ने ईमानदारी से माँगा था।

रामवल्लभशरजी का सच्चाई का जीवन था। कम बोलते थे। उनके भितर भगवान के लिए तड़प थी।

संत ने पूछाः "ठीक है। बस न?"

रामवल्लभशरणः "जी, महाराज।"

संत ने हनुमानजी का मंत्र दिया।

रामवल्लभशरजी एकाग्रचित्त होकर पूर्ण निष्ठा व तत्परता से मंत्र जप कर रहे थे। मंत्र जप करते समय हनुमानजी प्रकट हो गये।

हनुमान जी ने पूछाः "क्या चाहिए?"

"आपके दर्शन तो हो गये। शास्त्रों का ज्ञान चाहिए।"

हनुमानजीः "बस, इतनी सी बात? जाओ, तीन दिन के अंदर तूम जितने भी ग्रन्थ देखोगे उन सबका अर्थसहित अभिप्राय तुम्हारे हृदय में प्रकट हो जायेगा।"

रामवल्लभशरजी काशी चले गये और काशी के विश्वविद्यालय आदि के ग्रंथ देखे। वे बड़े भारी विद्वान हो गये। जिन्होंने रामवल्लभशरजी के साथ वार्तालाप किया और शास्त्र-विषयक प्रश्नोत्तर किये हैं वे ही लोग उन्हें भलीप्रकार से जानते हैं । दुनिया के अच्छे-अच्छे विद्वान उनका लोहा मानते हैं। रामवल्लभशरजी केवल मंत्रजाप करते-करते अनुष्ठान में सफल हुए। हनुमानजी के साक्षात दर्शन हो गये और तीन दिन के अंदर जितने शास्त्र देखे उन शास्त्रों का अभिप्राय उनके हृदय में प्रकट हो गया।

एकलव्य की गुरुभक्ति

संकलन गुरुत्व कार्यालय

पौराणिक कथा के अनुशार हिरण्यधनु का एकलव्य नाम का एक लड़का था। हिरण्यधनु जाति से भील थे।

उस काल में धनुर्विद्या में द्रोणाचार्यजी को महारथ हासिल थी इस लिये उनका नाम व कीर्ति चारो और फेली हुई थी। द्रोणाचार्य जी कौरवों एवं पांडवों के गुरु थे इस लिये उन्हें धनुर्विद्या शिखाते थे। एकलव्य धनुर्विद्या सीखने के उद्देश्य से गुरु द्रोणाचार्य के पास गया लेकिन द्रोणाचार्य ने कहा कि वे राजकुमारों के अलावा और किसी को धनुर्विद्या नहीं सिखा सकते।

द्रोणाचार्य जी के मना करने के बावजुद एकलव्य ने मन-ही-मन द्रोणाचार्य को अपना गुरु मान लिया था। इस के लिए एकलव्य की गुरु द्रोणाचार्य जी के प्रति श्रद्धा कम नहीं हुई।

एकलव्य वहाँ से वापस घर न जाकर सीधे जंगल में चला गया। वहाँ जाकर उसने द्रोणाचार्य की मिट्टी की मूर्ति बनायी। एकलव्य हररोज गुरुमूर्ति का पूजन करता, फिर उसकी तरफ एकटक देखते-देखते ध्यान करता और उससे प्रेरणा लेकर धनुर्विद्या का अभ्यास करता हुवा धनुर्विद्या सीखने लगा। एकाग्रता के कारण एकलव्य को प्रेरणा मिलने लगी। इस प्रकार अभ्यास करते-करते वह धनुर्विद्या में बहुत आगे बढ़ गया।

एक बार द्रोणाचार्य धनुर्विद्या के अभ्यास के लिए पांडवों और कौरवों को जंगल में ले गये। उनके साथ एक कुत्ता भी था, वह दौड़ते-दौड़ते आगे निकल गया। जहाँ एकलव्य धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहा था, वहाँ वह कुत्ता रुक गया। एकलव्य के विचित्र वेष को देखकर कुत्ता भौंकने लगा।

एकलव्य ने कुत्ते को चोट न लगे और उसका भौंकना भी बंद हो जाए इस प्रकार उसके मुँह में सात बाण भर दिये।

जब कुत्ता इस दशा में द्रोणाचार्य के पास पहुँचा तो कुत्ते की यह हालत देखकर अर्जुन को विचार आयाः 'कुत्ते के मुँह में चोट न लगे इस प्रकार बाण मारने की विद्या तो मैं भी नहीं जानता!'

अर्जुन ने गुरु द्रोणाचार्य से कहाः "गुरूदेव! आपने तो कहा था कि तेरी बराबरी कर सके ऐसा कोई भी धनुर्धारी नहीं होगा परंतु ऐसी अद्भुत और अनोखी विद्या तो मैं भी नहीं जानता।"

द्रोणाचार्य भी विचार में पड़ गये। इस जंगल में ऐसा कुशल धनुर्धर कौन होगा? आगे जाकर देखा तो उन्हे हिरण्यधनु का पुत्र एकलव्य दिखायी पड़ा।

द्रोणाचार्य ने पूछाः "बेटा! तुमने यह विद्या कहाँ से सीखी?"

एकलव्य ने कहाः "गुरुदेव! आपकी कृपा से ही सीखी है।"

द्रोणाचार्य तो अर्जुन को वचन दे चुके थे कि उसके जैसा कोई दूसरा धनुर्धर नहीं होगा किंतु एकलव्य तो अर्जुन से भी आगे बढ़ गया।

द्रोणाचार्य ने एकलव्य से कहाः "मेरी मूर्ति को सामने रखकर तुमने धनुर्विद्या तो सीखी परंतु गुरुदक्षिणा?"

एकलव्य ने कहाः "आप जो माँगें।" द्रोणाचार्य ने कहाः "तुम्हारे दाहिने हाथ का अँगूठा।" एकलव्य ने एक पल भी विचार किये बिना अपने दाहिने हाथ का अँगूठा काट कर गुरुदेव के चरणों में अर्पित कर दिया।

द्रोणाचार्य ने कहाः "पुत्र! अर्जुन भले ही धनुर्विद्या में सबसे आगे रहे क्योंकि मैं उसको वचन दे चुका हूँ परन्तु जब तक सूर्य, चाँद और नक्षत्र रहेंगे, तुम्हारा गुणगान होता रहेगा।" एकलव्य की गुरुभक्ति उसे धनुर्विद्या में सफलता के साथ ही द्रोणाचार्य जैसे विद्रान को गुरुदक्षिणा में अपना अंगूठा देकर उनके हृदय में अपने लिए आदर प्रकट कर दिया। विद्रानो के मातानुशार गुरुभक्ति, श्रद्धा और लगनपूर्वक कोई भी कार्य करने से अवश्य सफलता प्राप्त होती है।

***

श्रीकृष्ण की गुरूसेवा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

सहस्त्र मुखो से भी गुरु की महिमा बखाण ना संभव नहीं हैं। क्योकी गुरु की महिमा अपरंपार हैं। इसी लिये तो स्वयं भगवान को भी जगत के कल्याणा हेतु जब मानवरूप में अवतरित होना पडता हैं तो ज्ञान प्राप्ति हेतु गुरू की आवश्यक्ता होती हैं।

पौराणिक शास्त्रो के अनुशार द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण जब भूलोक पर अवतरित हुएं। कालांतर में कंस का विनाश होने के पश्चयात भगवान श्रीकृष्ण ने शास्त्रोक्त विधि-विधान से अपने हाथ में समिधा लेकर अपने गुरू श्रीसांदीपनी के आश्रम में गये। गुरुआश्रम में श्रीकृष्ण भक्तिपूर्वक गुरू की सेवा करने लगे। गुरू आश्रम में सेवा करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने वेद-वेदांग, उपनिषद, मीमांसादि षड्दर्शन, अस्त्र-शस्त्रविद्या, धर्मशास्त्र और राजनीति आदि अनेको विद्याएं प्राप्त की। श्रीकृष्ण नें अपनी प्रखर बुद्धि के कारण गुरू के एक बारबताने मात्र से ही सब सीख लिया। विष्णुपुराण के अनुशार श्रीकृष्ण ने 64 कलाएँ केवल64 दिन में ही सीख लीं। जब विद्या अभ्यास पूर्ण हुआ, तब श्रीकृष्ण ने गुरूदेव से दक्षिणा हेतु अनुरोध किया। श्रीकृष्णः "गुरूदेव ! आज्ञा कीजिए, मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?" गुरूः "कोई आवश्यकता नहीं है।" श्रीकृष्णः "गुरूदेव आपको तो कुछ नहीं चाहिए, किंतु हमें दिये बिना चैन नहीं पड़ेगा। कुछ तो आज्ञा करें !" गुरूः "अच्छा जाओ, अपनी गुरू माँ से पूछ लो।" श्रीकृष्ण गुरूपत्नी के पास गये और बोलेः "माँ ! कोई सेवा हो तो बताइये।"

गुरूपत्नी जानती थीं कि श्रीकृष्ण कोई साधारण मानव नहीं स्वयं भगवान हैं, अतः वे बोलीः "मेरा पुत्र प्रभास क्षेत्र में मर गया है। उसे लाकर दे दो ताकि मैं उसे पयः पान करा सकूँ।"

श्रीकृष्ण बोले: "जो आज्ञा।"

श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर प्रभास क्षेत्र पहुँचे। समुद्र ने उन्हें देखकर उनकी यथायोग्य पूजा की। श्रीकृष्ण बोलेः "तुमने अपनी बड़ी बड़ी लहरों से हमारे गुरूपुत्र को हर लिया था। अब उसे शीघ्र लौटा दो।"

समुद्रः "मैंने बालक को नहीं हरा है, मेरे भीतर शंखरूप से पंचजन नामक एक बड़ा दैत्य रहता है, निसंदेह उसी ने आपके गुरूपुत्र का हरण किया है।"

श्रीकृष्ण ने उसीक्षण जल के भीतर घुसकर पंचजन नामक दैत्य को मार डाला, पर उसके पेट में गुरूपुत्र नहीं मिला। तब उसके शरीर का पांचजन्य शंख लेकर श्रीकृष्ण जल से बाहर निकल कर यमराज की यमनी पुरी में गये। वहाँ भगवान ने उस शंख को बजाया। कथा कहती हैं कि शंख ध्वनि को सुनकर नारकीय जीवों के पाप नष्ट हो गये और वे सभी जीव वैकुंठ पहुँच गये।

यमराज ने श्रीकृष्ण को देखकर उनकी बड़ी भक्ति के साथ पूजा की और प्रार्थना करते हुए कहाः "हे पुरूषोत्तम ! मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?"

श्रीकृष्णः "तुम्हारे दूत कर्मबंधन के अनुसार हमारे गुरूपुत्र को यहाँ ले आये हैं। उसे मेरी आज्ञा से वापस दे दो।"
'जो आज्ञा' कहकर यमराज उस बालक को ले आये।
श्रीकृष्ण ने गुरूपुत्र को, जिस रुप में वह मरा था उसी रुपमें पूनः उसका शरीर बनाकर, रत्नादि के साथ गुरूचरणों में अर्पित कर दिया।
श्रीकृष्ण ने कहा:"गुरूदेव ! और जो कुछ भी आप चाहें, आज्ञा करें।"
गुरूदेवः "वत्स ! तुमने अपनी गुरूदक्षिणा भली प्रकार से संपन्न कर दी। तुम्हारे जैसे शिष्य से गुरू की कौन-सी कामना अवशेष रह सकती है?
वत्स ! अब तुम अपने घर जाओ।
गुरूदेव ने श्रीकृष्ण को आशिर्वाद देते हुवे कहां वत्स ! तुम्हारी कीर्ति श्रोताओं को पवित्र करने वाली होगी और तुम्हारे द्वारा **अर्जित ज्ञान व विद्या हर समय उपस्थित और नवीन बनी रहकर सभीलोक में तुम्हारे अभीष्ट फल को देने में समर्थ हों।"**

देवर्षि नारद ने एक मल्लाह को अपना गुरु बनाया

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

पौराणिक कथा के अनुशार एक बार देवर्षि नारद ने वैकुण्ठ में प्रवेश किया। प्रवेश करते ही भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी "देवर्षि नारद" का खूब आदर-सत्कार करने लगे।

भगवान विष्णु ने नारदजी का हाथ पकड़ा और आराम करने को कहा। एक तरफ भगवान विष्णु नारद जी की सेवा कर रहे हैं और दूसरी तरफ लक्ष्मी जी पंखा हाँक रही हैं।

नारद जी कहते हैं- "भगवान ! अब छोड़ो। यह लीला किस बात की है ?

नाथ ! यह क्या राज समझाने की युक्ति है ? आप मेरी सेवा कर रहे हैं और माता जी पंखा हाँक रही हैं ?"

"नारद ! तू गुरूओं के लोक से आया है। यमपुरी में पाप भोगे जाते हैं, वैकुण्ठ में पुण्यों का फल भोगा जाता है लेकिन मृत्युलोक में सदगुरू की प्राप्ति होती है और जीव सदा के लिए मुक्त हो जाता है।

मालूम होता है, तू किसी गुरू की शरण ग्रहण करके आया है।"

नारदजी को अपनी भूल का अहसास कराने के लिए भगवान ये सब प्रयास कर रहे थे।

नारद जी ने कहाः "प्रभु ! मैं भक्त हूँ लेकिन निगुरा (निगुरा अर्थात जिसका कोई गुरु नहीं) हूँ।

गुरू क्या देते हैं ? गुरू का माहात्म्य क्या होता है आप यह बताने की कृपा करो भगवान !"

"गुरू क्या देते हैं..... गुरु का माहात्म्य क्या होता है यह जानना हो तो गुरूओं के पास जाओ। यह वैकुण्ठ है।

"नारद ! जा, तू किसी गुरू की शरण ले। बाद में इधर आ।"

देवर्षि नारद गुरू की खोज करने मृत्युलोक में आये। सोचा कि मुझे प्रभातकाल में जो सर्वप्रथम मिलेगा उसको मैं गुरू मानूँगा। प्रातःकाल में सरिता के तीर पर गये। देखा तो एक आदमी शायद स्नान करके आ रहा है। हाथ में जलती अगरबत्ती है। नारद जी ने मन ही मन उसको गुरू मान लिया। पास पहुँचे तो पता चला कि वह माछीमार है, हिंसक है। (मल्लाह के रूप में आदिनारायण ही आये थे।) नारदजी ने अपना संकल्प बताते हुएं कहां: "हे मल्लाह ! मैंने आपको गुरू मान लिया है।"

मल्लाह ने कहाः "गुरू का मतलब क्या होता है ? हम नहीं जानते गुरू क्या होता है ?"
गुरु का मतलब समझाते हेतु देवर्षि नारद बोले: "गु माने अन्धकार। रू माने प्रकाश। अर्थात्:जो अज्ञानरूपी अन्धकार को हटाकर ज्ञानरूपी प्रकाश कर दें उन्हें गुरू कहा जाता है।
आप मेरे आन्तरिक जीवन के गुरू हैं।" नारदजी ने मल्लाह के पैर पकड़ लिये।
मल्लाह बोला: "छोड़ो मुझे !" नारद: "आप मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार कर लो गुरूदेव!"
मल्लाह ने पीछा छुड़ाने के लिए कहाः "अच्छा, स्वीकार है, जा।"
नारदजी आये वैकुण्ठ में। भगवान ने कहाः "नारद ! अब तू निगुरा तो नहीं है ?"
"नहीं भगवान ! मैं गुरू करके आया हूँ।" "कैसे हैं तेरे गुरू ?" "जरा धोखा खा गया मैं। वह **कमबख्त मल्लाह** मिल गया। अब क्या करें ? आपकी आज्ञा मानी। उसी को गुरू बना लिया।"
नारद की बात से भगवान नाराज हो गये और बोलेः "तूने गुरू शब्द का अपमान किया है।"जा, तुझे चौरासी लाख जन्मों तक माता के गर्भों में नर्क भोगना पड़ेगा।" नारद रोये, छटपटाये। भगवान ने कहाः "इसका इलाज यहाँ नहीं है। यह तो पुण्यों का फल भोगने की जगह है। नर्क पाप का फल भोगने की जगह है। कर्मों से छूटने की जगह तो वहीं है। तू जा उन गुरूओं के पास मृत्युलोक में।" नारद आये मृत्युलोक में । उस गुरु बनाये हुए मल्लाह के पैर पकड़ेः "गुरूदेव ! उपाय बताओ। चौरासी के चक्कर से छूटने का उपाय बताओ।" गुरूजी ने पूरी बात जान ली और कुछ संकेत दिये। नारद फिर वैकुण्ठ में पहुँचे। भगवान को कहाः "मैं चौरासी लाख योनियाँ तो भोग लूँगा लेकिन कृपा करके उसका नक्शा तो बना दो ! जरा दिखा तो दो नाथ ! कैसी होती है चौरासी ?
भगवान ने नक्शा बना दिया। नारद उसी नक्शे में लोटने-पोटने लगे।
"अरे ! यह क्या करते हो नारद ?"
"भगवान ! वह चौरासी भी आपकी बनाई हुई है और यह चौरासी भी आपकी ही बनायी हुई है। मैं इसी में चक्कर लगाकर अपनी चौरासी पूरी कर रहा हूँ।"

भगवान ने कहाः "महापुरूषों(गुरु) के नुस्खे भी अनोखे होते हैं। यह युक्ति भी तुझे उन्हीं से मिली नारद !

श्रीमद् आद्य शंकराचार्य सदगुरू

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

एक संत नर्मदा किनारे ओंकारेश्वर तीर्थ में एकान्त गुफा में आत्मशान्ति व परब्रह्म परमात्मा की शान्ति में ध्यानमग्न थे। उनके ध्यान की चर्चा दूर-दूर तक चारों और फेली हुई थी। वहं संत भगवान गोविन्दपादाचार्य थे। जिन्होने अपने स्वरूप का बोध हो गया है।

नर्मदा किनारे तप करने वाले अन्य तपस्वी श्री गोविन्दपादाचार्य के दर्शन करने हेतु उसी गुफा के निकट कुटिया नाकर रहने लगे। उनका कहना था की इसी स्थान पर वे रहते-रहते बूढ़े हो गये लेकिन अभी तक श्री विन्दपादाचार्यजी की समाधि नहीं खुली। इसी विषय पर अन्य योगी, संत-स्नयासि उपस्थित लोग चर्चा कर रहे थे। तने में उसी स्थान पर दक्षिण भारत के केरल प्रांत से पैदल चलते हुए दो महीने से भी अधिक समय की यात्रा करके शंकर नाम का बालक पहुँचा।

बालक बोला: "मैंने नाम सुना है भगवान गोविन्दपादाचार्य का। वे पूज्यपाद आचार्य कहाँ रहते हैं?"

संन्यासियों ने बताया किः "हम भी उनके दर्शन का इन्तजार कर रहे है। उनकी समाधि खुले, और उनकी अमृत बरसाने वाली निगाहें हम पर पड़ें, उनके ब्रह्मानुभव के वचनो से हमारे कान पवित्र हों इसी इन्तजार में हम भी नर्मदा किनारे अपनी कुटियाएँ बनाकर बैठे हैं।"

संन्यासियों ने उस बालक को निहारा। वह बालक बड़ा तेजस्वी लग रहा था। इस बाल संन्यासी का सम्यक् परिचय पाकर उनका विस्मय बढ़ गया। कितनी दूर केरल प्रदेश ! और यह बच्चा वहाँ से अकेला ही आया है श्रीगुरू की आश में। जब उन्होंने देखा कि इस अल्प अवस्था में ही वह भाष्य समेत सभी शास्त्रों में पारंगत है और इसके फलस्वरूप उसके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया है तो उन सबका मन प्रसन्नता से भर गया।

वहां उपस्थित किसी ने पूछाः "क्या नाम है बेटे ?"

"मेरा नाम शंकर है।"

बच्चे की ओजस्वी वाणी और तीव्र जिज्ञासा देखकर उन्होंने समाधिस्थ बैठे महायोगी गुरूवर्य श्री गोविन्दपादाचार्य के बारे में कुछ बातें कही। तो वह निर्दोष बालक भगवान गोविन्दपादाचार्य के दर्शन के लिए तड़प उठा।

संन्यासियों ने कहाः "वह दूर जो गुफा दिखाई दे रही है उसमें वे समाधिस्थ हैं। अन्धेरी गुफा में दिखाई नहीं पड़ेगा इसलिए यह दीपक ले जा।"

दीया जलाकर उस बालक ने गुफा में प्रवेश किया। विस्मयता से विमुग्ध होकर देखा तो एक अति दीर्घकाय, विशाल-भाल-प्रदेशवाले, शान्त मुद्रा, लम्बी जटा और कृश देहवाले फिर भी दिव्य तेज से आलोकित एक महापुरूष पद्मासन में समाधिस्थ बैठे थे। उनके शरीर की त्वचा सूख चुकी थी फिर भी उनका शरीर ज्योतिर्मय था।

भगवान गोविन्दपादाचार्य का दर्शन करते ही शंकर का रोम-रोम पुलकित हो उठा। उसका मन एक प्रकार से अनिर्वचनीय दिव्य आनन्द से भर उठा। निरन्तर आखो से बहते अश्रुजल से उनका वक्षः स्थल प्लावित हो गया। उसकी यात्रा का परिश्रम सार्थक हो गया और उसकी सारी थकान पलभर में ही उतर गयी।

करबद्ध होकर बह बालक स्तुति करने लगाः

इस सुन्दर भगवान की स्तुति से गुफा गुन्ज उठी। तब अन्य संन्यासी भी गुफा में आ इकट्ठे हुए। शंकर तब तक स्तवगान में ही मग्न थे। विस्मय विमुग्ध चित्त से सबने देखा कि भगवान गोविन्दपाद की वह निश्चल निस्पन्द देह बार-बार कम्पित हो रही है। प्राणों का स्पन्दन दिखाई देने लगा। क्षणभर में ही उन्होंने एक दीर्घ निःश्वास छोड़कर चक्षु खोले किये।

शंकर ने गोविन्दपादाचार्य भगवान को साष्टांग प्रणाम किया। दूसरे संन्यासी भी योगीश्वर के चरणों में प्रणत हुए। आनंदध्वनि से गुफा गुंजित हो उठी। तब प्रवीण संन्यासीगण योगीराज को समाधि से सम्पूर्ण रूप से व्यथित कराने के लिए यौगिक प्रकियाओं में नियुक्त हो गये। क्रम से योगीराज का मन जीवभूमि पर उतर आया। यथा समय आसन का परित्याग कर वे गुफा से बाहर निकले।

योगीराज की सहस्रों वर्षों की समाधि एक बालक संन्यासी के आने से छूट गई है, यह बात द्रुतगति से चारौ दिशा में फैल गयी। दूर स्थानों से यतिवर के दर्शन की आकांक्षा से लोगो ने आकर ओंकारनाथ को एक तीर्थक्षेत्र में परिणत कर दिया। शंकर का परिचय प्राप्त कर गोविन्दापादाचार्य ने जान लिया कि यही वह शिवावतार शंकर है, जिसे अद्वैत ब्रह्मविद्या का उपदेश करने के लिए उन्होने सहस्र वर्षों तक समाधि में अवस्थान किया और अब यही शंकर वेद-व्यास रचित ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखकर जगत में अद्वैत ब्रह्मविद्या का प्रचार करेगा।

एक शुभ दिन श्रीगोविन्दपादाचार्यजी ने शंकर को शिष्य रूप में ग्रहण कर लिया और उसे योगादि की शिक्षा देने लगे। शंकर के साथ-साथ अन्यान्य संन्यासियों ने भी उनका शिष्यत्व ग्रहण किया। प्रथम वर्ष उन्होंने शंकर को हठयोग की शिक्षा दी। वर्ष पूरा होने के पूर्व ही शंकर ने हठयोग में पूर्ण सिद्ध प्राप्त कर ली। द्वितीय वर्ष में शंकर राजयोग में सिद्ध हो गये। हठयोग और राजयोग की सिद्धि प्राप्ति करने के फलस्वरूप शंकर बहुत बड़ी अलौकिक शक्ति के अधिकारी बन गये। दूरश्रवण, दूरदर्शन, सूक्ष्म देह से व्योममार्ग में गमन, अणिमा, लघिमा, देहान्तर में प्रवेश एवं सर्वोपरि इच्छामृत्यु शक्ति के वे अधिकारी हो गये। तृतीय वर्ष में गोविन्दपादाचार्य अपने शिष्य को विशेष यत्नपूर्वक ज्ञानयोग की शिक्षा देने लगे। श्रवण, मनन, निदिध्यासन, ध्यान, धारणा, समाधि का प्रकृत रहस्य सिखा देने के बाद उन्होंने अपने शिष्य को साधनकर्मानुसार अपरोक्षनुभूति के उच्च स्तर में दृढ़ प्रतिष्ठित कर दिया।

ध्यानबल से समाधिस्थ होकर हर क्षण दिव्यानुभूति से शंकर का मन अब सदैव एक अतीन्द्रिय राज्य में विचरण करने लगा। उनकी देह में ब्रह्मज्योति प्रस्फुटित हो उठी।

उनके मुखमण्डल पर अनुपम लावण्य और स्वर्गीय हास झलकने लगा। उनके मन की सहज गति अब समाधि की ओर थी। बलपूर्वक उनके मन को जीवभूमि पर रखना पड़ता था। क्रमशः उनका मन निर्विकल्प भूमि पर अधिरूढ़ हो गया।

गोविन्दपादाचार्य ने देखा कि शंकर की साधना और शिक्षा अब समाप्त हो चुकी है। शिष्य उस ब्राह्मी स्थिति में पहूंच गया है जहाँ प्रतिष्ठित होने से श्रुति कहती हैः

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे।।

अर्थातः यह परावर ब्रह्म दृष्ट होने पर दृष्टा का अविद्या आदि संस्काररूप हृदयग्रन्थि-समूह नष्ट हो जाता है एवं (प्रारब्धभिन्न) कर्मराशि का क्षय होने लगता है।

शंकर अब उसी दुर्लभ अवस्था में प्रतिष्ठित हो गये।

वर्षा ऋतु का आगमन हुआ। नर्मदा-वेष्टित ओंकारनाथ की शोभा अनुपम हो गयी। कुछ दिनों तक अविराम दृष्टि होती रही। नर्मदा का जल क्रमशः बढ़ने लगा। सब कुछ जलमय ही दिखाई देने लगा।

ग्रामवासियों ने पालतू पशुओं समेत ग्राम का त्यागकर निरापद उच्च स्थानों में आश्रय ले लिया।

गुरूदेव कुछ दिनों से गुफा में समाधिस्थ हुए बैठे थे। बाढ़ का जल बढ़ते-बढ़ते गुफा के द्वार तक आ पहुँचा।

संन्यासीगण गुरूदेव का जीवन विपन्न देखकर बहुत शंकित होने लगे। गुफा में बाढ़ के जल का प्रवेश रोकना आवश्याक था क्योंकि वहाँ गुरूदेव समाधिस्थ थे। समाधि से दूर कर उन्हे किसी निरापद स्थान पर ले चलने के लिये सभी व्यग्र हो उठे।

यह व्यग्रता देखकर शंकर कहीं से मिट्टी का एक कुंभ ले आये और उसे गुफा के द्वार पर रख दिया और अन्य संन्यासियों को आश्वासन देते हुए बोलेः "आप चिन्तित न हों।

गुरूदेव की समाधि भंग करने की कोई आवश्यकता नहीं। बाढ़ का जल इस कुंभ में प्रविष्ट होते ही प्रतिहत हो जायेगा, गुफा में प्रविष्ट नहीं हो सकेगा।"

सबको शंकर का यह कार्य बाल सुलभ खेल जैसा लगा किन्तु सभी ने विस्मित होकर देखा कि जल कुंभ में प्रवेश करते ही प्रतिहत एवं रूद्ध हो गया है। गुफा अब निरापद हो गई है। शंकर की यह अलौकिक शक्ति देखकर सभी अवाक् रह गये।

क्रमशः बाढ़ शांत हो गई। गोविन्दपादाचार्य भी समाधि से निकल गये। उन्होंने शिष्यों के मुख से शंकर के उक्त कार्य की बात सुनी तो प्रसन्न होकर उसके मस्तक पर हाथ रखकर कहाः

"वत्स ! तुम्हीं शंकर के अंश से उदभूत लोक-शंकर हो। अपने गुरू गौड़पादचार्य के श्रीमुख से मैंने सुना था कि तुम आओगे और जिस प्रकार सहस्रधारा नर्मदा का स्रोत एक कुंभ में अवरूद्ध कर दिया है उसी प्रकार तुम व्यासकृत ब्रह्मसूत्र पर भाष्यरचना कर अद्वैत वेदान्त को आपात विरोधी सब धर्ममतों से उच्चतम आसन पर प्रतिष्ठित करने में सफल होंगे तथा अन्य धर्मों को सार्वभौम अद्वैत ब्रह्मज्ञान के अन्तर्भुक्त कर दोगे।

ऐसा ही गुरूदेव भगवान गौड़पादाचार्य ने अपने गुरूदेव शुकदेव जी महाराज के श्रीमुख से सुना था। इन विशिष्ट कार्यो के लिए ही तुम्हारा जन्म हुआ है। मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूँ कि तुम समग्र वेदार्थ ब्रह्मसूत्र भाष्य में लिपिबद्ध करने में सफल होंगे।"

श्री गोविन्दपादाचार्य ने जान लिया कि शंकर की शिक्षा समाप्त हो गई है। उनका कार्य भी सम्पूर्ण हो गया है। एक दिन उन्होंने शंकर को अपने निकट बुलाकर पूछा कीः वत्स ! क्या तुम्हारे मन में किसी प्रकार का कोई सन्देह है ? क्या तुम भीतर किसी प्रकार अपूर्णता का अनुभव कर रहे हो ? अथवा तुम्हें अब क्या कोई जिज्ञासा है ?"

शंकर ने आनन्दित हो गुरूदेव को प्रणाम करके कहाः "भगवन ! आपकी कृपा से अब मेरे लिए ज्ञातव्य अथवा प्राप्तव्य कुछ भी नहीं रहा। आपने मुझे पूर्णमनोरथ कर दिया है। अब आप अनुमति दें कि मैं समाहित चित्त होकर चिरनिर्वाण लाभ करूँ।"

कुछ देर मौर रहकर श्री गोविन्दपादाचार्य ने शान्त स्वर में कहाः "वत्स ! वैदिक धर्म-संस्थापन के लिए देवाधिदेव शंकर के अंश से तुम्हारा जन्म हुआ है। तुम्हें अद्वैत ब्रह्मज्ञान का उपदेश करने के लिए मैं गुरूदेव की आज्ञा से सहस्रों वर्षों से तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा था। अन्यथा ज्ञान प्राप्त करते ही देहत्याग कर मुक्तिलाभ कर लेता।

अब मेरा कार्य समाप्त हो गया है। अब मैं समाधियोग से स्वस्वरूप में लीन हो जाऊँगा। तुम अब अविमुक्त क्षेत्र में जाओ। वहाँ तुम्हें भवानिपति शंकर के दर्शन प्राप्त होंगे। वे तुम्हें जिस प्रकार का आदेश देंगे उसी प्रकार तुम करना।"

शंकर ने श्रीगुरूदेव का आदेश शिरोधार्य किया। तदनन्तर एक शुभ दिन श्रीगोविन्दपादाचार्य ने सभी शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान कर समाधि योग से देहत्याग कर दिया। शिष्यों ने यथाचार गुरूदेव की देह का नर्मदाजल में योगीजनोचित संस्कार किया।

गुरूदेव की आज्ञा के अनुसार शंकर पैदल चलते-चलते काशी आये। वहाँ काशी विश्वनाथ के दर्शन किये। भगवान वेदव्यास का स्मरण किया तो उन्होंने भी दर्शन दिये। अपनी की हुई साधना, वेदान्त के अभ्यास और सदगुरू की कृपा से अपने शिवस्वरूप में जगे हुए शंकर **'भगवान श्रीमद् आद्य शंकराचार्य'** हो गये।

श्री गुरु स्तोत्रम्

पार्वती उवाच

गुरुर्मन्त्रस्य देवस्य धर्मस्य तस्य एव वा ।
विशेषस्तु महादेव ! तद् वदस्व दयानिधे ॥
महादेव उवाच

जीवात्मनं परमात्मनं दानं ध्यानं योगो ज्ञानम्।
उत्कल काशीगंगामरणं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥१॥
प्राणं देहं गेहं राज्यं स्वर्गं भोगं योगं मुक्तिम्।
भार्यामिष्टं पुत्रं मित्रं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥२॥
वानप्रस्थं यतिविधधर्मं पारमहंस्यं भिक्षुकचरितम्।
साधोः सेवां बहुसुखभुक्तिं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥३॥
विष्णो भक्तिं पूजनरक्तिं वैष्णवसेवां मातरि भक्तिम्।
विष्णोरिव पितृसेवनयोगं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥४॥
प्रत्याहारं चेन्द्रिययजनं प्राणायां न्यासविधानम्।
इष्टे पूजा जप तपभक्तिर्न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥५॥
काली दुर्गा कमला भुवना त्रिपुरा भीमा बगला पूर्णा।
श्रीमातंगी धूमा तारा न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥६॥
मात्स्यं कौर्मं श्रीवाराहं नरहरिरूपं वामनचरितम्।
नरनारायण चरितं योगं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥७॥
श्रीभृगुदेवं श्रीरघुनाथं श्रीयदुनाथं बौद्धं कल्क्यम्।
अवतारा दश वेदविधानं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥८॥
गंगा काशी कान्ची द्वारा मायाऽयोध्याऽवन्ती मथुरा।
यमुना रेवा पुष्करतीर्थ न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥९॥
गोकुलगमनं गोपुररमणं श्रीवृन्दावन-मधुपुर-रटनम्।
एतत् सर्वं सुन्दरि ! मातर्न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥१०॥
तुलसीसेवा हरिहरभक्तिः गंगासागर-संगममुक्तिः।
किमपरमधिकं कृष्णेभक्तिर्न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥११॥
एतत् स्तोत्रम् पठति च नित्यं मोक्षज्ञानी सोऽपि च धन्यम् ।
ब्रह्माण्डान्तर्यद्-यद् ध्येयं न गुरोरधिकं न गुरोरधिकं॥१२॥
॥ वृहदविज्ञान परमेश्वरतंत्रे त्रिपुराशिवसंवादे श्रीगुरोःस्तोत्रम् ॥

भावार्थ: माता पार्वती ने कहा हे दयानिधि शंभु ! गुरुमंत्र के देवता अर्थात् गुरुदेव एवं उनका आचारादि धर्म क्या है - इस बारे विस्तार से बताये। महादेव ने कहा जीवात्मा-परमात्मा का ज्ञान, दान, ध्यान, योग पुरी, काशी या गंगा तट पर मृत्यु - इन सबमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥१॥ प्राण, शरीर, गृह, राज्य, स्वर्ग, भोग, योग, मुक्ति, पत्नी, इष्ट, पुत्र, मित्र - इन सबमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥२॥ वानप्रस्थ धर्म, यति विषयक धर्म, परमहंस के धर्म, भिक्षुक अर्थात् याचक के धर्म - इन सबमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥३॥ भगवान विष्णु की भक्ति, उनके पूजन में अनुरक्ति, विष्णु भक्तों की सेवा, माता की भक्ति, श्रीविष्णु ही पिता रूप में हैं, इस प्रकार की पिता सेवा - इन सबमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥४॥ प्रत्याहार और इन्द्रियों का दमन, प्राणायाम, न्यास-विन्यास का विधान, इष्टदेव की पूजा, मंत्र जप, तपस्या व भक्ति - इन सबमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥५॥ काली, दुर्गा, लक्ष्मी, भुवनेश्वरि, त्रिपुरासुन्दरी, भीमा, बगलामुखी (पूर्णा), मातंगी, धूमावती व तारा ये सभी मातृशक्तियाँ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥६॥ भगवान के मत्स्य, कूर्म, वाराह, नरसिंह, वामन, नर-नारायण आदि अवतार, उनकी लीलाएँ, चरित्र एवं तप आदि भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥७॥ भगवान के श्री भृगु, राम, कृष्ण, बुद्ध तथा कल्कि आदि वेदों में वर्णित दस अवतार गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥८॥ गंगा, यमुना, रेवा आदि पवित्र नदियाँ, काशी, कांची, पुरी, हरिद्वार, द्वारिका, उज्जयिनी, मथुरा, अयोध्या आदि पवित्र पुरियाँ व पुष्करादि तीर्थ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥९॥ हे सुन्दरी ! हे मातेश्वरी ! गोकुल यात्रा, गौशालाओं में भ्रमण एवं श्री वृन्दावन व मधुपुर आदि शुभ नामों का रटन - ये सब भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है,गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥१०॥ तुलसी की सेवा, विष्णु व शिव की भक्ति, गंगा सागर के संगम पर देह त्याग और अधिक क्या कहूँ परात्पर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥११॥ इस स्तोत्र का जो नित्य पाठ करता है वह आत्मज्ञान एवं मोक्ष दोनों को पाकर धन्य हो जाता है | निश्चित ही समस्त ब्रह्माण्ड मे जिस-जिसका भी ध्यान किया जाता है, उनमें से कुछ भी गुरुदेव से बढ़कर नहीं है, गुरुदेव से बढ़कर नहीं हैं॥१२॥

उपरोक्त गुरुस्तोत्र वृहद विज्ञान परमेश्वरतंत्र मं त्रिपुरा-शिव संवाद में वर्णित हैं।

श्री गुरु अष्टोत्तरशत नामावलि

ॐ सद्गुरवे नमः॥
ॐ अज्ञाननाशकाय नमः॥
ॐ अदम्भिने नमः॥
ॐ अद्वैतप्रकाशकाय नमः॥
ॐ अनपेक्षाय नमः॥
ॐ अनसूयवे नमः॥
ॐ अनुपमाय नमः॥
ॐ अभयप्रदात्रे नमः॥
ॐ अमानिने नमः॥
ॐ अहिंसामूर्तये नमः॥
ॐ अहैतुक दयासिन्धवे नमः॥
ॐ अहंकार नाशकाय नमः॥
ॐ अहंकार वर्जिताय नमः॥
ॐ आचार्येन्द्राय नमः॥
ॐ आत्मसन्तुष्टाय नमः॥
ॐ आनन्दमूर्तये नमः॥
ॐ आर्जवयुक्ताय नमः॥
ॐ उचितवाचे नमः॥
ॐ उत्साहिने नमः॥
ॐ उदासीनाय नमः॥
ॐ उपरताय नमः॥
ॐ ऐश्वर्ययुक्ताय नमः॥
ॐ कृत कृत्याय नमः॥
ॐ क्षमावते नमः॥
ॐ गुणातीताय नमः॥
ॐ चारुवाग्विलासाय नमः॥
ॐ चारुहासाय नमः॥
ॐ छिन्नसंशयाय नमः॥
ॐ ज्ञानदात्रे नमः॥
ॐ ज्ञानयज्ञतत्पराय नमः॥
ॐ तत्त्वदर्शिने नमः॥
ॐ तपस्विने नमः॥
ॐ तापहराय नमः॥
ॐ तुल्यनिन्दास्तुतये नमः॥
ॐ तुल्यप्रियाप्रियाय नमः॥
ॐ तुल्यमानापमानाय नमः॥
ॐ तेजस्विने नमः॥
ॐ त्यक्तसर्वपरिग्रहाय नमः॥
ॐ त्यागिने नमः॥
ॐ दक्षाय नमः॥
ॐ दान्ताय नमः॥
ॐ दृढव्रताय नमः॥
ॐ दोषवर्जिताय नमः॥
ॐ द्वन्द्वातीताय नमः॥
ॐ धीमते नमः॥
ॐ धीराय नमः॥
ॐ नित्यसन्तुष्टाय नमः॥
ॐ निरहंकाराय नमः॥
ॐ निराश्रयाय नमः॥
ॐ निर्भयाय नमः॥
ॐ निर्मदाय नमः॥
ॐ निर्ममाय नमः॥
ॐ निर्मलाय नमः॥
ॐ निर्मोहाय नमः॥
ॐ निर्योगक्षेमाय नमः॥
ॐ निर्लोभाय नमः॥
ॐ निष्कामाय नमः॥
ॐ निष्क्रोधाय नमः॥
ॐ निःसंगाय नमः॥
ॐ परमसुखदाय नमः॥
ॐ पण्डिताय नमः॥
ॐ पूर्णाय नमः॥
ॐ प्रमाणप्रवर्तकाय नमः॥
ॐ प्रियभाषिणे नमः॥
ॐ ब्रह्मकर्मसमाधये नमः॥
ॐ ब्रह्मात्मनिष्ठाय नमः॥
ॐ ब्रह्मात्मविदे नमः॥
ॐ भक्ताय नमः॥
ॐ भवरोगहराय नमः॥
ॐ भुक्तिमुक्तिप्रदात्रे नमः॥
ॐ मंगलकर्त्रे नमः॥
ॐ मधुरभाषिणे नमः॥
ॐ महात्मने नमः॥
ॐ महावाक्योपदेशकर्त्रे नमः॥
ॐ मितभाषिणे नमः॥
ॐ मुक्ताय नमः॥
ॐ मौनिने नमः॥
ॐ यतचित्ताय नमः॥
ॐ यतये नमः॥
ॐ यदृच्छालाभसन्तुष्टाय नमः॥
ॐ युक्ताय नमः॥
ॐ रागद्वेषवर्जिताय नमः॥
ॐ विदिताखिलशास्त्राय नमः॥
ॐ विद्याविनयसम्पन्नाय नमः॥
ॐ विमत्सराय नमः॥
ॐ विवेकिने नमः॥
ॐ विशालहृदयाय नमः॥
ॐ व्यवसायिने नमः॥
ॐ शरणागतवत्सलाय नमः॥
ॐ शान्ताय नमः॥
ॐ शुद्धमानसाय नमः॥
ॐ शिष्यप्रियाय नमः॥
ॐ श्रद्धावते नमः॥
ॐ श्रोत्रियाय नमः॥
ॐ सत्यवाचे नमः॥
ॐ सदामुदितवदनाय नमः॥
ॐ समचित्ताय नमः॥
ॐ समाधिक-वर्जिताय नमः॥
ॐ समाहितचित्ताय नमः॥
ॐ सर्वभूतहिताय नमः॥
ॐ सिद्धाय नमः॥
ॐ सुलभाय नमः॥
ॐ सुशीलाय नमः॥
ॐ सुहृदे नमः॥
ॐ सूक्ष्मबुद्धये नमः॥
ॐ संकल्पवर्जिताय नमः॥
ॐ सम्प्रदायविदे नमः॥
ॐ स्वतन्त्राय नमः॥

श्री गुरु प्रार्थना

शुक्लाम्ब्रधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं। ध्यायेत्सर्वविघ्नोपशान्तये ॥१॥ रविवारे च संक्रान्तौ शुभयोगे यथाविधि। वैधृतौ च व्यतीपाते विप्राणां च गृहे तथा ॥२॥ दवतायतने चैव नद्यां वै सङ्गमोत्तसे। अथवा स्वगृहे चैव शुभे स्थाने विशेषतः ॥३॥ स्त्रानं समाचरेद्रोगी मृतपुत्रः सुपुत्रकः। कर्मणा पीडितो योऽसौ नारी वा पुरुषोऽथवा ॥४॥ धात्रीफलानि लोघ्रं च गोमयं तिलसर्षपान्। मृत्तिकाः सप्त कर्पूरमुशीरं मुस्तसंतुलम् ॥५॥ औषधैः समभागैस्तु स्त्रानं कुर्यात्प्रयत्नतः। देवान् पितृंश्च संतर्प्य दत्वा सूर्याघ्र्यमेव च ॥६॥ एवं सर्वाविधिं कृत्वा संकल्पं कारयेत्ततः॥ अद्येहेत्यादि प्राचीनसंचितकर्मविलोकनार्थं मनःकामनासिद्धयर्थं विष्णोः पूजनपूर्वकं कर्मविपाकपुस्तकपूजनमहं करिष्ये। अङ्गन्यासपूर्वकं षोडशोपचारपूजासंकल्पः वैश्वदेवं श्राद्धं च। अत्रान्तरे देहशुद्धयर्थं पुरश्चरणाङ्गत्वेन गोमिथुनदानव्रतं कुम्भदानं च, प्रजापतिसंतुष्टये षोडश ब्राह्मणान् भोजयेत्। भोजनान्तरे प्रार्थनाऽऽचार्यस्यब्राह्मण त्वं महाभाग भूमिदेव द्विजोत्तम। यथाविधं प्रतिज्ञाय प्राचीनं च शुभाशुभम् ॥७॥ कथं मे कथयस्वाशु कृपां कृत्वा ममोपरि। एवं तु ब्राह्मणाचार्यं नमस्कृत्य प्रसादयेत् ॥८॥ दश पश्च तथा विप्रानुपवेश्य प्रयत्नतः। तेषामनुज्ञया सर्वं प्रायश्चित्तमुपक्रमेत् ॥९॥ वस्त्रालङ्गरणैराचार्थं पूजयित्वा प्रजापतिस्वरूपं गुरुं प्रार्थयेत् प्रजापते महाबाहो वेदवेदाङ्गपारग। पुत्रकामसमृद्धयर्थं पूजां गृहहीष्व ते नमः ॥१०॥

विष्णो त्वं पुण्डरीकाक्ष भुवनानां च पालकः। लक्ष्म्या सह हृषीकेश पूजां गृहहीष्व ते नमः ॥११॥ रुद्र त्वं दैन्यनाशाय सदा भस्माङ्गधारकः। नागहारोपवीती च पूजां गृहहीष्व ते नमः ॥१२॥ स्वर्गे सुराश्च गन्धर्वाः पाताले पन्नगादयः। मृत्युलोके मनुष्याश्च सर्वे ध्यायन्ति भास्करम् ॥१३॥

महायज्ञादिकं चैव अग्निहोत्रादि कर्म च। तीर्थस्त्रानं तथा ध्यानं वर्तने भास्करोदयात् ॥१४॥ ब्रह्मा विष्णुः शिवः शक्तिर्देवदेवो मुनीश्वराः। ध्यायन्ति भास्करं देवं साक्षीमूतं जगत्रये ॥१५॥ त्वं ब्रह्मा त्वं वै विष्णुस्त्वं रुद्रस्त्वं प्रजापतिः। त्वमग्निस्त्वं वषट्कारस्त्वामाहुः सर्वसाक्षिणम् ॥१६॥ योगिनां प्रथमो ध्येयो यतीनां ब्रह्मचारिणाम्। आधिव्याध्योश्च हर्त्ता त्वं सर्वपापक्षयं कुरु ॥१७॥ दीनानां कृपणानां च सर्वेषां व्याधिनाशनम्। एवं च भास्करं ध्यात्वा नमस्कृत्य प्रसादयेत् ॥१८॥ पापी चैव दुराचारी परनिन्दापरो जनः। ब्रह्महा हेमहारी च सुरापी गुरुतल्पगः ॥१९॥ स्त्रीहन्ता बालघाती च अगम्यागमनं तथा। एवमादिकपापानि मया वै पूर्वजन्मनि ॥२०॥

कृतानि विविधान्येव सर्वाणि मार्ष्टुमर्हसि। शरणं तव संप्राप्तस्त्वं मामुद्धर्तुमर्हसि ॥२१॥ ममोपरि कृपां कृत्वा कर्म मे कथय प्रभो। लग्नं तात्कालिकं कृत्वा जन्मपत्रं निरीक्ष्य च ॥२२॥ लग्नग्रहविचारेण ज्ञातव्यं कर्म मामकम्। ग्रहलग्नविचारेण जानन्ति कर्म पण्डिताः ॥२३॥ सूत उवाच॥ कैलासशिखरे रम्ये सुखासीनं महेश्वरम् । प्रणम्य पार्वती भक्त्या पप्रच्छ च सदाशिवम् ॥२४॥ पार्वत्युवाच॥ देवदेव जगन्नाथ भक्तानुग्रह कारक। लोकोपकारकं प्रश्नं वद मे परमेश्वर ॥२५॥ कलौ च मानवास्तुच्छाः पापमोहसमन्विताः। महारोगग्रहग्रस्ताः पुत्रकन्याविवर्जिता ॥२६॥ कुत्सिता रूपविभ्रष्टा मृतवत्सा नपुंसकाः। नारीणां पुरुषाणां च पूर्वकर्म च यत्प्रभो ॥२७॥ तत्सर्वं वद मे स्वामिन् सर्वज्ञोऽसि मतो मम। तच्च श्रुत्वा वचो देव्याः प्रीतिमान् स महेश्वरः ॥२८॥ प्रहस्य जगतमीशो वल्लभां प्रीतिसंयुताम्। उवाच प्रश्नं तद्गूढं त्रैलोक्ये चापि दुर्लभम् ॥२९॥ शिव उवाच॥ श्रृणु त्वं गिरिजे देवि नृणां कर्म विशेषतः। कथयामि न सन्देहो यत्ते मनसि वर्त्तते ॥३०॥

मर्त्याः सर्वे जगज्जाताः कर्म कुर्वन्ति सर्वदा। स्वकर्माणि ततो देवि भुज्यंते देवमानुषैः ॥३१॥ मानवैस्तु विशेषेण सुखदुःखादिकं च यत्। कर्मत्रयं च सर्वेषां तन्मध्ये संचितं च यत् ॥३२॥ वक्तव्यं नात्र सन्देहो यत्कृत्वा फलमाप्रुयात् प्रारब्धं विस्तरं कर्म वर्तमानं च दृश्यते ॥३३॥ अश्विन्यादिकनक्षत्रे सर्वेषां जन्म जायते। तदादिपादभेदेन ज्ञातव्यं च शुभाशुभम् ॥३४॥

इति कर्मविपाकसंहितायां प्रथमोऽध्यायः॥

श्री गुरु स्मरण तथा स्वस्तयन

श्री मंगल मूर्तये नमः। श्री हरि । श्री गणेशाय नम।

॥श्री माता पितृभ्यां नम:। श्रीगुरुभ्यो नम:॥

लम्बोदरम् परम सुन्दरमेकदन्तम् रक्ताम्बरम् त्रिनयनम् परम पवित्रम्। उद्यद्दिवाकर निभोज्जवल कान्तिकान्तम् विघ्नेश्वर सकलविघ्नहरम् नमामि॥

गुरु स्मरण

अज्ञानतिमिरान्द्यस्य ज्ञानाज्जन शलाकया।
चक्षुरून्मीलितम् येन तस्मै श्री गुरुवे नम:॥
अखण्डमण्डलाकारम् व्याप्तंयेन चराचरम्।
तत्पदम् दर्शितम् येन तस्मै श्री गुरुवे नम:॥

श्री गुरुवे नम :

पवित्र करण मन्त्र

ॐ अपवित्रः पवित्रोवा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
य: स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्माभ्यन्तरः शुचि:॥
ॐ पुण्डरीकाक्ष: पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्ष: पुनातु,
ॐ पुण्डरीकाक्ष: पुनातु।
आचाम्य प्राणानाम्यम् गुरुं गुरु मन्त्रं च स्मृत
ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नम:
ॐ माधवाय नम:
आचमन के बाद मुह को पोछ लें।
ॐ हृषीकेशाय नम:, ॐ गोविन्दाय नमः

पवित्री धारण मन्त्र -

"पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभि:। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्काम: पुन: तत्छकेयम्।"

आसन पवित्रीकरण करने का मन्त्र

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वम् विष्णुना धृता।
त्वम् च धारय , मां देवि पवित्रम् कुरु च आसनम्॥

मंगल तिलक मंत्र

ॐ स्वस्ति न इन्द्रों वृद्धश्रवा: स्वस्तिन: पूषा विश्वेवेदा, स्वस्तिन स्ताक्ष्र्यो अरिष्ट नेमि:, स्वस्ति नो बृहस्पति र्दधातु।

"स्वस्त्ययन" (शान्ति पाठ)

ॐ आ नो भद्रा : क्रतवो यन्तु विश्वेतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः। देवा नो यथा सद्मिद् वृधे असंन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे॥

देवानां भद्रा सुमतिऋजूयतां देवाना रातिरभि नो निवर्तताम्। देवाना सख्यमुपसेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीव से॥

तान्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदिति दक्षमस्त्रिधम्। अर्यमणं वरुण सोममश्विना सरस्वती न: सुभगा मयस्करत्॥ तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता धौः।

तद् ग्रावाण: सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना श्रृणुतं धिष्णया युवम्॥ तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियञ्जिन्वमवसे हूमहे वयम्। पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्ध: स्वस्तये॥

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा:। स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमि: स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

पृषदश्वा मरुत: पृश्निमातर: शुभं यावानो विदथेषु जग्मय:। अग्नि जिह्वा मनव: सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसागमन्निह:॥ भद्रं कर्णेभि: श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्रा:। स्थिरैरङ्गेस्तुष्टुवा सस्तनू भिर्व्यशेमहि देवहितं यदायु:॥

शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्। पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मानो मध्या रीरिषतायुर्गन्तो:॥

अदितिधौरदिति रन्तरिक्षमदिति र्माता स पिता स पुत्र:। विश्वे देवा अदिति: पञ्चजना अदिति र्जातमदिति र्जनित्वम्॥

धौ: शान्तिरन्तरिक्ष शान्ति: पृथिवी शान्तिराप: शान्तिरोषदय: शान्ति:। वनस्पतय: शान्ति र्विश्वे देवा: शान्ति ब्रेह्म शान्ति: सर्व शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सा मा शान्तिरेधि॥

यतो यत: समीहसे ततो नो अंभयं कुरु। शं न: कुरु प्रजाभ्योऽभयं न पशुभ्य:॥ सुखशान्तिर्भवतु ॥

आध्यात्मिक उन्नति हेतु उत्तम चातुर्मास व्रत

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार, आषाढ मास में शुक्लपक्ष की एकादशी की रात्रि से भगवान विष्णु इस दिन से लेकर अगले चार मास के लिए योगनिद्रा में लीन हो जाते हैं, एवं कार्तिक मास में शुक्लपक्ष की एकादशी के दिन योगनिद्रा से जगते हैं। इसलिये चार इन महीनों को चातुर्मास कहाजाता हैं। चातुर्मास का हिन्दू धर्म में विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता हैं।

अषाढ मास में शुक्ल पक्ष कि द्वादशी अथवा पूर्णिमा अथवा जब सूर्य का मिथुन राशि से कर्क राशि में प्रवेश होता हैं तब से चातुर्मास के व्रत का आरंभ होता हैं। चातुर्मास के व्रत कि समाप्ति कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष कि द्वादशी को होती हैं। साधु संन्यासी अषाढ मासकि पूर्णिमा से चातुर्मास मानते हैं।

सनातन धर्म के अनुयायी के मत से भगवान विष्णु सर्वव्यापी हैं. एवं सम्पूर्ण ब्रह्मांडा भगवान विष्णु कि शक्ति से हि संचालित होता हैं। इस लिये सनातन धर्म के लोग अपने सभी मांगलिक कार्यो का शुभारंभ भगवान विष्णु को साक्षी मानकर करते हैं।

शास्त्रो में लिखा गया है कि वर्षाऋतु के चारों मास में लक्ष्मी जी भगवान विष्णु की सेवा करती हैं। इस अवधि में यदि कुछ नियमों का पालन करते हुवे अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु व्रत करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

चातुर्मास में व्रत करने वाले साधक को प्रतिदिन सूर्योदय के समय स्नान इत्यादि से निवृत्त होकर भगवान विष्णु की आराधना करनी चाहिये।

चातुर्मास के व्रत का प्रारंभ करने से पूर्व निम्न संकल्प करना चाहिये।

"हे प्रभु, मैंने यह व्रत का संकल्प आपको साक्षि मानकर उपस्थिति में लिया हैं। आप मेरे उपर कृपा रख कर मेरे व्रत को निर्विघ्न समाप्त करने का सामर्थ्य मुजे प्रदान करें। यदि व्रत को ग्रहण करने के उपरांत बीच में मेरी मृत्यु हो जाये तो आपकी कृपा द्र यह पूर्ण रुप से समाप्त हो जाये।

व्रत के दौरन भगवान विष्णु की वंदना इस प्रकार करें।

शांताकारंभुजगशयनंपद्मनाभंसुरेशं।
विश्वाधारंगगनसदृशंमेघवर्णशुभाङ्गम्॥
लक्ष्मीकान्तंकमलनयनंयोगिभिर्ध्यानगम्यं।
वन्दे विष्णुंभवभयहरंसर्वलोकैकनाथम्॥

भावार्थ:- जिनकी आकृति अतिशय शांत हैं, जो शेषनाग की शय्यापर शयन कर रहे हैं, जिनकी नाभि में कमल है, जो सब देवताओं द्वारा पूज्य हैं, जो संपूर्ण विश्व के आधार हैं, जो आकाश के सद्रश्य सर्वत्र व्याप्त हैं, नीले मेघ के समान जिनका वर्ण हैं, जिनके सभी अंग अत्यंत सुंदर हैं, जो योगियों द्वारा ध्यान करके प्राप्त किये जाते हैं, जो सब लोकों के स्वामी हैं, जो जन्म-मरणरूप भय को दूर करने वाले हैं, ऐसे लक्ष्मीपति,कमलनयन,भगवान विष्णु को मैं प्रणाम करता हूं।

स्कंदपुराण के अनुशार चातुर्मास का विधि-विधान और माहात्म्य इस प्रकार विस्तार से वर्णित हैं।

चातुर्मास में शास्त्रीय विभिन्न नियमों का पालन कर व्रत करने से अत्याधिक पुण्य लाभ प्राप्त होते हैं।

- जो व्यक्ति चातुर्मास में केवल शाकाहारी भोजन ग्रहण करता हैं, वह धन धान्य से सम्पन्न होता हैं।
- जो व्यक्ति चातुर्मास में प्रतिदिन रात्री चंद्र उदय के बाद दिन में मात्र एकबार भोजन करता हैं, उसे सुख समृद्धि एवं एश्वर्य कि प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति भगवान विष्णु के शयनकाल में बिना मांगे अन्न का सेवन करता हैं, उसे भाई-बंधुओं का पूर्ण सुख प्राप्त होता हैं।
- स्वास्थय लाभ एवं निरोगी रेहने के लिये चातुर्मास में विष्णुसूक्त के मंत्रों को स्वाहा करके नित्य हवन में चावल और तिल की आहुतियां देने से लाभ प्राप्त होता हैं।
- चातुर्मास के चार महीनों में धर्मग्रंथों के नियमित स्वाध्याय से पुण्य फल मिलता हैं।
- चातुर्मास के चार महीनों में व्यक्ति जिस वस्तु को त्यागता हैं वह वस्तु उसे अक्षय रूप में पुनः प्राप्त हो जाती हैं।

चातुर्मास का सद उपयोग आत्म उन्नति के लिए किया जाता हैं। चातुर्मास के नियम मनुष्य के भितर त्याग और संयम की भावना उत्पन्न करने के लिए बने हैं।

चातुर्मास में किस पदार्थ का त्याग करें

व्रत करने वाले व्यक्ति को...

- श्रावण मास में हरी सब्जी का त्याग करना चाहिये।
- भाद्रपद मास में दही का त्याग करना चाहिये।
- आश्विन मास में दूध का त्याग करना चाहिये।
- कार्तिक मास में दालों का का त्याग करना चाहिये।
- व्रत कर्ता को शैय्या शयन, मांस, मधु आदि का सेवन त्याग करना चाहिये।

त्याग किये गय पदार्थो का फल निम्न प्रकार हैं।

- जो व्यक्ति गुड़ का त्याग करता हैं, उसकी वाणी में मधुरता आति हैं।
- जो व्यक्ति तेल का त्याग करता हैं, उसके समस्त शत्रुओं का नाश होता हैं।
- जो व्यक्ति घी का त्याग करता हैं, उसके सौन्दर्य में वृद्धि होती हैं।
- जो व्यक्ति हरी सब्जी का त्याग करता हैं, उसकी बुद्धि प्रबल होती हैं एवं पुत्र लाभ प्राप्त होता हैं।
- जो व्यक्ति दूध एवं दही का त्याग करता हैं, उसके वंश में वृद्धि होकर उसे मृत्यु उपरांत गौलोक में स्थान प्राप्त होता हैं।
- जो व्यक्ति नमक का त्याग करता हैं, उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होकर उसके सभी कार्य में निश्चित सफलता प्राप्त होती हैं।

चातुर्मास में मांगलिक कार्य वर्जित क्यों ?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शयन का अर्थ होता है सोना अर्थात निद्रा। हिन्दू धार्मिक मान्यता हैं की हिन्दू पंचांग के अनुशार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी (अर्थात हरिशयन एकादशी) से लेकर अगले चार माह तक भगवान विष्णु शेषनाग की शैय्या पर सोने के लिये क्षीरसागर में चले जाते हैं अर्थात वे निद्रा में रहते हैं।
निद्रा में लिन होने के पश्चयात श्री हरि कार्तिक शुक्ल एकादशी (अर्थात् देवोत्थान या देवउठनी एकादशी) को वे उठ जाते हैं।

भारतीय परंपरा के अनुशार देवशयन एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ल दशमी इन चार माह तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। क्योकि इन कार्यों में पंच देवता कि उपस्थिति आवश्यक होती हैं भगवान विष्णु पंचदेवता में व्योम अर्थात आकाश के अधिपति हैं अतः विशेष रुप से भगवान विष्णु की उपस्थिति आवश्यक्ता होती है। श्री विष्णु की निद्रा में खलल न पड़े इस लिए सभी शुभ कार्य हरिशयन एकादशी के बाद से बंद हो जाते हैं, जो देवोत्थान एकादशी से पुनः प्रारंभ होते हैं।
(मांगलिक कार्य अर्थात गृह प्रवेश, विवाह, देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ-हवन, संस्कार आदि कार्य को भारतिय संस्कृति में मांगलिक कार्य कहां जाता हैं।)

योगिनी एकादशी व्रत कथा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

अर्जुन ने कहा- "हे प्रभु! अब आप कृपा करके आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी की कथा सुनाइये। इस एकादशी का नाम तथा माहात्म्य क्या है? आप मुझे विस्तारपूर्वक बतायें।"

श्रीकृष्ण ने कहा- "हे पाण्डु पुत्र ! आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम "योगिनी एकादशी" है। योगिनी एकादशी के व्रत से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

यह व्रत इसलोक में भोग तथा परलोक में मुक्ति देने वाला है। हे अर्जुन! यह एकादशी तीनों लोकों में प्रसिद्ध है। योगिनी एकादशीके व्रत से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

मैं तुम्हें पुराण में कही हुई कथा सुनाता हूँ, हे अर्जुन ध्यानपूर्वक श्रवण करो- कुबेर नाम का एक राजा अलकापुरी नाम की नगरी में राज्य करता था। वह परम शिव-भक्त था। राजा का हेममाली नामक एक यक्ष सेवक था, जो पूजा के लिए फूल लाया करता था। हेममाली की विशालाक्षी नाम की अति सुन्दर स्त्री थी।

एक दिन वह मानसरोवर से पुष्प लेकर आया, किन्तु कामासक्त होने के कारण पुष्पों को रखकर अपनी स्त्री के साथ रमण करने लगा। इस भोग-विलास में दोपहर हो गई।

हेममाली की राह देखते-देखते जब राजा कुबेर को दोपहर हो गई तो राजा ने क्रोधपूर्वक अपने अन्य सेवकों को आज्ञा दी कि तुम जाकर पता लगाओ कि हेममाली अभी तक पुष्प लेकर क्यों नहीं आया। जब सेवकों ने उसका पता लगा के राजा के पास आकर बताया- 'हे राजन! वह हेममाली अपनी स्त्री के साथ रमण कर रहा है।'

इस बात को सुन राजा ने हेममाली को बुलाने की आज्ञा दी। डर से काँपता हुआ हेममाली राजा के सामने उपस्थित हुआ। उसे देखकर कुबेर को अत्यन्त क्रोध आया। राजा ने कहा- 'अरे अधम! तूने मेरे परम पूजनीय देवों के देव भगवान शिवजी का अपमान किया है। मैं तुझे श्राप देता हूँ कि तू स्त्री के वियोग में तड़पे और मृत्युलोक में जाकर कोढ़ी का जीवन व्यतीत करे।

कुबेर के श्राप से वह तत्क्षण स्वर्ग से पृथ्वी पर गिरा और कोढ़ी हो गया। उसकी स्त्री भी उससे बिछड़ गई।

मृत्युलोक में उसने अनेक भयंकर कष्ट भोगे, उसकी बुद्धि मलिन न हुई और उसे पूर्व जन्म की भी सुध रही। अनेक कष्टों को भोगता हुआ तथा अपने पूर्व जन्म के कुकर्मो को याद करता हुआ वह हिमालय पर्वत की तरफ चल पड़ा।

चलते-चलते वह मार्कण्डेय ऋषि के आश्रम में जा पहुँचा। मार्कण्डेय ऋषि अत्यन्त तपस्वी थे। मार्कण्डेय ऋषि दूसरे ब्रह्मा के समान प्रतीत हो रहे थे और उनका वह आश्रम ब्रह्माजी की सभा के समान शोभा दे रहा था। ऋषि को देखकर हेममाली वहाँ गया और उन्हें प्रणाम करके उनके चरणों में गिर पड़ा।

हेममाली को देखकर मार्कण्डेय ऋषि ने कहा तूने कौन-से कर्म किये हैं, जिससे तू कोढ़ी हुआ और भयानक कष्ट भोग रहा है।

महर्षि की बात सुनकर हेममाली बोला हे मुनिश्रेष्ठ! मैं राजा कुबेर का अनुचर था। मेरा नाम हेममाली है। मैं प्रतिदिन मानसरोवर से फूल लाकर शिव पूजा के समय राजा कुबेर को दिया करता था। एक दिन स्त्री मोहँ में फँस जाने के कारण मुझे समय का ज्ञान ही नहीं रहा और मैं दोपहर तक पुष्प राजा तक न पहुँचा सका।

तब राजा ने क्रोध मे मुझे श्राप दिया कि तू अपनी स्त्री का वियोग और मृत्युलोक में जाकर कोढ़ी बनकर दुख भोग। इस कारण मैं कोढ़ी हो गया हूँ तथा पृथ्वी पर आकर कष्ट भोग रहा हूँ, अतः कृपा करके आप कोई ऐसा उपाय बतलाये, जिससे मेरी मुक्ति हो।

मार्कण्डेय ऋषि ने कहा 'हे हेममाली! तूने सत्य वचन कहे हैं, इसलिए मैं तुम्हारें उद्धार के लिए एक व्रत

बताता हूँ। यदि तूम आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की योगिनी नामक एकादशी का विधानपूर्वक व्रत करोगेतो तेरे सभी पाप नष्ट हो जाएँगे।

महर्षि के वचन सुन हेममाली अति प्रसन्न हुआ और महर्षि के वचनों के अनुसार योगिनी एकादशी का पूर्ण विधि-विधान से व्रत करने लगा। इस व्रत के प्रभाव से अपने पुराने स्वरूप में आ गया और अपनी स्त्री के साथ सुखपूर्वक रहने लगा।

योगिनी एकादशी हे राजन! इस योगिनी एकादशी की कथा का फल अट्ठासी सहस्र ब्राह्मणों को भोजन कराने के समान है। इसके व्रत से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और अन्त में मोक्ष प्राप्त करके जीव स्वर्ग का अधिकारी बनता है।"

कथा-सार: मनुष्य को पूजा-अर्चना इत्यादि धार्मिक कार्य में आलस्य या प्रमाद नहीं करना चाहिए, अपितु मन को संयम में रखकर सदैव इष्ट सेवा करनी चाहिए।

देवशयनी एकादशी व्रत कथा

संकलन गुरुत्व कार्यालय

अर्जुन ने कहा- हे श्रीकृष्ण ! आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी की कथा सुनाइये। उस दिन किस देवता का पूजन होता है? उसका क्या विधान है? कृपा कर यह सब विस्तारपूर्वक बतायें।

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा- "हे पाण्डु पुत्र ! एक बार नारदजी ने ब्रह्माजी से यही प्रश्न पूछा था। तब ब्रह्माजी ने कहा था कि नारद! तुमने कलियुग में प्राणिमात्र के उद्धार के लिए सर्व श्रेष्ठ प्रश्न पूछा है, क्योंकि एकादशी का व्रत सब व्रतों में उत्तम होता है। इसके व्रत से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इस एकादशी का नाम "देवशयनी एकादशी" है।

यह व्रत करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। इस सम्बन्ध में, मैं तुम्हें एक पौराणिक कथा सुनाता हूँ, आप ध्यानपूर्वक श्रवण करो मान्धाता नाम का एक सूर्यवंशी राजा था। मान्धाता सत्यवादी, महान तपस्वी और चक्रवर्ती थामान्धाता अपनी प्रजा का ध्यान सन्तान की तरह करता था। उसके राज्य की प्रजा धन-धान्य से परिपूर्ण थी और सुखपूर्वक जीवन-यापन कर रही थी। उसके राज्य में कभी अकाल नहीं पड़ता था।

कभी किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा नहीं आती थी, परन्तु न जाने राजा से क्या भूल हो गई कि एक बार उसके राज्य में जबरदस्त अकाल पड़ गया और प्रजा भोजन की कमी के कारण अत्यन्त दुखी रहने लगी। राज्य में यज्ञ होने बन्द हो गए। अकाल से पीड़ित प्रजा एक दिन दुखी होकर राजा के पास जाकर प्रार्थना करने लगे हे राजन! समस्त संसार की सृष्टि का मुख्य आधार वर्षा है।

इसी वर्षा के अभाव से राज्य में अकाल पड़ गया है और अकाल से राज्य की प्रजा मर रही है। हे भूपति! आप कोई ऐसा उपाय कीजिये, जिससे हम लोगों का कष्ट धीघ्र दूर हो सके। यदि जल्द ही हमारे राज्य को अकाल से मुक्ति न मिली तो विवश होकर हमें को किसी दूसरे राज्य में शरण लेनी पड़ेगी।

प्रजाजनों की बात सुन राजा ने कहा आप लोग सत्य कह रहे हैं। वर्षा न होने से आप लोग बहुत दुखी हैं। राजा के पापों के कारण ही प्रजा को कष्ट भोगना पड़ता है। इस विषय में, मैं बहुत सोच-विचार कर रहा हूँ, फिर भी मुझे अपना कोई दोष दिखलाई नहीं दे रहा है। आप लोगों के कष्ट को दूर करने के लिए मैं बहुत उपाय कर रहा हूँ, परन्तु आप चिन्तित न हों, मैं इसका कोई-न-कोई उपाय अवश्य ही करूँगा।

राजा के वचनों को सुन प्रजाजन चले गये। राजा मान्धाता भगवान की पूजा कर कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को साथ लेकर वन की ओर चल दिया। वन मे वह ऋषि-मुनियों के आश्रमों में घूमते-घूमते अन्त में अंगिरा ऋषि के आश्रम पर पहुँच गया। रथ से उतरकर राजा आश्रम में गया। ऋषि के सम्मुख पहुँचकर राजा ने उन्हें प्रणाम किया। ऋषि ने राजा को आशीर्वाद दिया, फिर पूछा- हे राजन! आप यहाँ किस प्रयोजन से पधारे हैं, वो कहिये।

राजा ने कहा हे महर्षि! मेरे राज्य में अकाल पड़ गया है, तीन वर्ष से वर्षा नहीं हो रही है और प्रजा कष्ट भोग रही है। राजा के पापों के प्रभाव से ही प्रजा को कष्ट मिलता है, ऐसा शास्त्रों में लिखा है। मैं धर्मानुसार राज करता हूँ, फिर यह अकाल कैसे पड़ गया, इसका मुझे अभी तक पता नहीं लग सका। अब मैं आपके पास इसी समस्या की निवृत्ति के लिए आया हूँ। आप कृपा कर मेरी इस समस्या का निवारण कर मेरी प्रजा के कष्ट को दूर करने के लिए कोई उपाय बतलाइये।

सब बात सुनने के बाद ऋषि ने कहा 'हे राजन! इस सतयुग में धर्म के चारों चरण सम्मिलित हैं। यह सतयुग सभी युगों में उत्तम है। इस युग में केवल ब्राहमणों को ही तप करने तथा वेद पढ़ने का अधिकार है, किन्तु आपके राज्य में एक शूद्र तप कर रहा है। इसी दोष के कारण आपके राज्य में वर्षा नहीं हो रही है। यदि आप प्रजा का कल्याण चाहते हैं तो शीघ्र ही

उस शूद्र का वध करवा दें। जब तक आप यह कार्य नहीं कर लेते, तब तक आपका राज्य अकाल की पीड़ा से कभी मुक्त नहीं हो सकता।' ऋषि के वचन सुन राजा ने कहा- 'हे मुनिश्रेष्ठ! मैं उस निरपराध तप करने वाले शूद्र को नहीं मार सकता। किसी निर्दोष मनुष्य की हत्या करना मेरे आचरण के विरुद्ध है और मेरी आत्मा इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। आप इस दोष से मुक्ति का कोई दूसरा उपाय बतलाइये।'

राजा को विचलित जान ऋषि ने कहा- 'हे राजन! यदि आप ऐसा ही चाहते हो तो आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी का विधानपूर्वक व्रत करो। इस व्रत के प्रभाव से तुम्हारे राज्य में वर्षा होगी और प्रजा भी पूर्व की भाँति सुखी हो जाएगी, क्योंकि इस एकादशी का व्रत सभी सिद्धियों को देने वाला है और सभी कष्टों से मुक्त करने वाला है।'

ऋषि के इन वचनों को सुनकर राजा अपने नगर वापस आ गया और विधि-विधान से देवशयनी एकादशी का व्रत किया। इस व्रत के प्रभाव से राज्य में अच्छी वर्षा हुई और प्रजा को अकाल से मुक्ति मिली।

इस एकादशी को पद्मा एकादशी भी कहते हैं। इस व्रत के करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं, अतः मोक्ष की इच्छा रखने वाले मनुष्यों को इस एकादशी का व्रत करना चाहिए। चातुर्मास्य व्रत भी इसी एकादशी के व्रत से आरम्भ किया जाता है।"

कथा-सार: अपने कष्टों से मुक्ति पाने के लिए किसी दूसरे का अहित नहीं करना चाहिए। इष्टदेव पर श्रद्धा और आस्था रखकर सत्कर्म करने से बड़े से बड़े कष्टों से भी सरलता से मुक्ति मिल सकती है।

चातुर्मास्य व्रत कथा

संकलन गुरुत्व कार्यालय

अर्जुन ने कहा- हे श्रीकृष्ण ! विष्णु का शयन व्रत की कथा सुनाइये। भगवान विष्णु का शयन व्रत किस प्रकार किया जाता है। कृपा कर विस्तारपूर्वक बताइये।"

श्रीकृष्ण ने कहा "हे पाण्डु पुत्र ! अब मैं तुम्हें भगवान श्रीहरि के शयन व्रत का विस्तार से वर्णन सुनाता हूँ। इसे ध्यानपूर्वक श्रवण करो सूर्य के कर्क राशि मे प्रवेश होने पर भगवान विष्णु शयन करते हैं और जब सूर्य तुला राशि मे आते हैं तब भगवान जागते हैं। अधिक मास के दौरान भी विधि इसी प्रकार रहती है।

आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी का विधानपूर्वक उपवास करना चाहिए। उस दिन भगवान विष्णु की मूर्ति बनानी चाहिए और चातुर्मास्य उपवास नियमपूर्वक करना चाहिए। सर्वप्रथम भगवान विष्णु की मूर्ति को स्नान कराना चाहिए। फिर श्वेत वस्त्रों को धारण कराकर भगवान विष्णु को तकियादार शैया पर शयन कराना चाहिए। भगवान विष्णु का धूप, दीप और नैवेद्यादि पूर्ण विधि-विधान से पूजन कराना चाहिए। भगवान का पूजन विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा कराना चाहिए, विष्णु की इस प्रकार स्तुति करनी चाहिए- 'हे प्रभु! मैंने आपको शयन कराया है। आपके शयन से सम्पूर्ण विश्व सो जाता है।

इस तरह भगवान श्रीहरि के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करनी चाहिए- 'हे प्रभु! आप जब चार माह तक शयन करें, तब तक मेरे इस चातुर्मास्य व्रत को निर्विघ्न रखें।'

भगवान विष्णु की स्तुति करने के उपरान्त शुद्ध भाव से मनुष्यों को दातुन आदि के नियम को ग्रहण करना चाहिए। भगवान विष्णु के व्रत को आरम्भ करने के पाँच काल वर्णित किए गए हैं। देवशयनी एकादशी से लेकर देवोत्यानी एकादशी तक चातुर्मास्य उपवास करना चाहिए। द्वादशी, पूर्णमाशी, अष्टमी या संक्रांति को उपवास शुरू करना चाहिए और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को समाप्त कर देना चाहिए। इस उपवास के मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। जो मनुष्य इस उपवास को प्रति वर्ष करते हैं, वह सूर्य के समान क्रान्तियुक्त विमान पर बैठकर विष्णु लोक को जाते हैं। हे राजन! अब आप इसमें दान का अलग-अलग फल जानें-

- देव मंदिरों में रंगीन पत्ते-पत्तियां बनाने वाले मनुष्य को सात जन्मों तक ब्राह्मण जन्म मिलता है।
- चातुर्मास्य के दिनों में जो मनुष्य भगवान विष्णु को दही, दूध घी, शहद और मिश्री आदि पंचामृत से स्नान कराता है, वह वैभवशाली होकर अनन्त सुख भोगता है।
- श्रद्धा पूर्वक भूमि, स्वर्ण, दक्षिणा आदि ब्राह्मणों को दानस्वरूप देने वाला मनुष्य स्वर्ग में जाकर देवराज के समान सुख भोगता है।
- विष्णु की स्वर्ण प्रतिमा बनाकर जो मनुष्य उसका धूप, दीप, पुष्प, नैवेद्य आदि से पूजन करता है, वह देवलोक मे जाकर अनन्त सुख भोगता है। चातुर्मास्य मे जो मनुष्य नित्य भगवान को तुलसी अर्पित करता है, वह बैठकर विष्णुलोक को जाता है।
- भगवान विष्णु का धूप-दीप से पूजन करने वाले मनुष्य को अक्षय धन की प्राप्ति होती है।
- देवशयनी एकादशी से कार्तिक के महीने तक जो मनुष्य भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, उन्हें विष्णुलोक की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य हस चातुर्मास्य व्रत में संध्या के समय देवताओं तथा ब्राह्मणों को दीप दान करते हैं तथा ब्राह्मणों को स्वर्ण के पात्र में वस्त्र दान देते हैं, वह विष्णुलोक को जाते हैं। भक्तिपूर्वक भगवान का चरणामृत लेने वाले मनुष्य इस संसार के आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाते हैं।

- जो मनुष्य भगवान विष्णु के मंदिर में प्रतिदिन १०८ बार गायत्री मन्त्र का जाप करते हैं, वे कभी पापों में लिप्त नहीं होते।
- पुराण तथा धर्मशास्त्र को सुनने वाले और वेदपाठी ब्राह्मणों को वस्त्रों का दान करने वाले मनुष्य दानी, धनी, ज्ञानी और यशस्वी होते हैं।
- जो मनुष्य भगवान, विष्णु या शिवजी का स्मरण करते हैं और उनकी प्रतिमा दान करते हैं, वे समस्त पापों से मुक्त होकर गुणवान बनते हैं।
- जो मनुष्य सूर्य को अर्घ्य देते हैं और समाप्ति में गौ-दान करते हैं, वे निरोगता, दीर्घायु, यश, धन और बल पाते हैं।
- जो मनुष्य चातुर्मास्य में गायत्री मन्त्र द्वारा तिल से होम करते हैं और चातुर्मास्य समाप्त हो जाने पर तिल का दान करते हैं, उनके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और निरोग काया मिलती है तथा संस्कारी संतान की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य चातुर्मास्य व्रत अन्न से होम करते हैं और समाप्त हो जाने पर घी, कलश और वस्त्रों का दान करते हैं, वे ऐश्वर्यशाली होते हैं। जो मनुष्य तुलसी को गले में धारण करते हैं तथा अन्त में भगवान विष्णु के निमित्त ब्राह्मणों को दान देते हैं, वह विष्णुलोक को पाते हैं।
- चातुर्मास्य उपवास में जो मनुष्य भगवान विष्णु के शयन के उपरान्त उनके मस्तक पर नित्य दूध चढ़ाते हैं और अन्त में स्वर्ण की दूर्वा दान करते हैं तथा दान देते समय जो इस प्रकार की स्तुति करते हैं कि- 'हे दूर्वे! जिस भाँति इस पृथ्वी पर शाखाओं सहित फैली हुई हो, उसी प्रकार मुझे भी अजर-अमर संतान दो', ऐसा करने वाले मनुष्य के सब पाप नष्ट हो जाते हैं और अन्त में स्वर्ग की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य भगवान शिव या विष्णु का स्मरण करते हैं, उन्हें रात्रि जागरण का फल प्राप्त होता है।
- चातुर्मास्य व्रत करने वाले मनुष्य को उत्तम ध्वनि वाला घण्ट दान करना चाहिए और इस प्रकार स्तुति करनी चाहिए- 'हे प्रभु! हे नारायण! आप समस्त पापों का नाश करने वाले हैं। मेरे न करने योग्य कार्यों को करने से जो पाप उत्पन्न हुए हैं, कृपा कर आप उनको नष्ट कीजिए।
- चातुर्मास्य में प्राजापत्य तथा चांद्रायण व्रत पद्धति का पालन भी किया जाता है। प्राजापत्य व्रत को १२ दिनों में पूर्ण करते हैं। व्रत के आरम्भ से पहले तीन दिन १२ ग्रास भोजन प्रतिदिन लेते हैं, फिर आगामी तीन दिनों तक प्रतिदिन छब्बीस ग्रास भोजन लेते हैं, इसके आगे के तीन दिनों तक २८ ग्रास भोजन लिया जाता है और इसके बाद बाकी बचे तीन दिन निराहार रहा जाता है। इस व्रत के करने से मनुष्य की इच्छित मनोकामना पूर्ण होती है। व्रत करने वाला साधक प्राजापत्य व्रत करते हुए चातुर्मास्य के हेतु उपयुक्त सभी धार्मिक कृत्य जैसे पूजन, जप, तप, दान, शास्त्रों का पठन-पाठन तथा कीर्तन आदि करता रहे।
- हे अर्जुन! इसी प्रकार चांद्रायण व्रत भी किया जाता है। अब इस व्रत का विधान सुनो- यह व्रत पूरा महीना किया जाता है। पापों से मुक्ति के लिए किया जाने वाला यह व्रत बढ़ता-घटता रहता है। इसमें अमावस्या को एक ग्रास, प्रतिपदा को दो ग्रास, द्वितीया को तीन ग्रास भोजन लेते हुए पूर्णिमा के पूर्व चौदह ग्रास और पूर्णिमा को पन्द्रह ग्रास भोजन लेना चाहिए। फिर पूर्णिमा के बाद चौदह, तेरह, बारह, ग्यारह ग्रास इस क्रम में भोजन लेते हुए भोजन की मात्रा प्रतिदिन घटानी चाहिए।
- है अर्जुन! जो प्राजापत्य और चांद्रायण व्रत करते हैं, उन्हें इसलोक में धन सम्पत्ति, शारीरिक निरोगता तथा भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इसमें कांसे का पात्र और वस्त्र दान की शास्त्रीय व्यवस्था है। चातुर्मास्य के समापन पर दक्षिणा से सुपात्र ब्राह्मणों को सन्तुष्ट करने का विधान है।
- चातुर्मास्य व्रत के पूर्ण हो जाने के बाद ही गौ-दान करना चाहिए। यदि गौ-दान न कर सकें तो वस्त्र दान अवश्य करना चाहिए।
- नित्य जो मनुष्य ब्राह्मणों को प्रणाम करते हैं, उनका जीवन सफल हो जाता है और वे सभी पापों

से मुक्त हो जाते हैं। चातुर्मास्य व्रत पूर्ण होने पर जो ब्राह्मणों को भोजन कराता है, उसकी आयु तथा धन में वृद्धि होती है।

- जो मनुष्य अलंकार सहित बछड़े वाली कपिला गाय वेदपाठी ब्राह्मणों को दान करते हैं, वे चक्रवर्ती आयुवान, संतानवान राजा होते हैं और स्वर्गलोक में प्रलय के अन्त तक देवराज के समान राज्य करते हैं।
- सूर्यदेव तथा गणेशजी को जो मनुष्य नित्य प्रणाम करते हैं, उनकी आयु तथा लक्ष्मी बढ़ती है और यदि गणेशजी प्रसन्न हो जाएँ तो वे मनोवांछित फल पाते हैं। सूर्यदेव और गणेशजी की प्रतिमा ब्राह्मण को देने से समस्त कार्यों की सिद्धि होती हैं।
- दोनो ऋतुओं में जो मनुष्य शिवजी की प्रसन्नता के लिए तिल और वस्त्रों के साथ तांबे का पात्र दान करते हैं, उनके यहाँ स्वस्थ व सुन्दर शिवभक्त संतान उत्पन्न होती है। चातुर्मास्य व्रत के पूर्ण होने पर चाँदी या तांबा-पात्र गुड़ और तिल के साथ दान करना चाहिए।
- भगवान विष्णु के शयन करने के उपरान्त जो मनुष्य यथा शक्ति वस्त्र और तिल के साथ स्वर्ण का दान करते हैं, उनके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वे इसलोक में भोग तथा परलोक में मोक्ष प्राप्त करते हैं।
- चातुर्मास्य व्रत के पूर्ण होने पर जो मनुष्य शैया दान करते हैं, उनको अक्षय सुख की प्राप्ति होती है और वे कुबेर के समान धनवान होते हैं।
- जो मनुष्य वर्षा ऋतु में गोपीचंदन देते हैं, उन पर भगवान प्रसन्न होते हैं। चातुर्मास्य में एक बार भोजन करने वाला, भूखे को अन्न देने वाला, भूमि पर शयन करने वाला अभीष्ट को प्राप्त करता है। इन्द्रिय निग्रह कर, चातुर्मास्य व्रत का अनन्त फल प्राप्त किया जाता है।
- श्रावण में शाक, भादों में दही, आश्विन में दुग्ध और कार्तिक में दाल का त्याग करने वाले मनुष्य निरोगी होते हैं।
- चातुर्मास्य व्रत का नियमपूर्वक पालन करने पर ही उद्यापन करना चाहिए। जब प्रभु से शैया त्यागने का अनुरोध करें, तब विशेष पूजन करना चाहिए। इस अवसर पर निरभिमानी विद्वान ब्राह्मण को अपनी क्षमता के अनुसार दान-दक्षिणा देकर प्रसन्न करना चाहिए। हे अर्जुन! देवशयनी एकादशी और चातुर्मास्य का माहात्म्य अनन्त पुण्य फलदायी है, इस व्रत के करने से मानसिक शान्ति और भगवान विष्णु के प्रति श्रद्धा बढ़ती है।

कथा-सार

चातुर्मास्य भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने के लिए चार मास तक किया जाने वाला व्रत है। इस व्रत को देवशयनी से देवोत्थान एकादशियों से जोड़ने से भगवान के प्रति आस्था सुदृढ़ होती है। चातुर्मास्य में जब भगवान विष्णु शयन करते हैं, उस समय कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, मांगलिक कार्यों का शुभारम्भ देवोत्थानी एकादशी से पुनः प्रारम्भ होता है।

फ़िरोजा एक विलक्षण रत्न

संकलन गुरुत्व कार्यालय

फ़िरोजा शब्द अंदाज से 16 वीं सदी के आसपास फ्रेंच भाषा के तुर्की (Turquois) से प्राप्त हुवा था या गहरे नीले रंग का पत्थर (pierre turquin) से प्राप्त हुवा होगा या, इस के नाम मे बहोत सारे सहस्य है! नकली फ़िरोजा के अस्तित्व लागू होने से असली फ़िरोजा का महत्व कम हो गया है, फ़िरोजा को कई नामों से जाना जाता है,

खनिज समूह: मरकत समूह.

प्राप्ति स्थान:

फ़िरोजा के प्राप्ति स्थान बहोत सारे है। जिनमें से कुछ ही का उल्लेख वाणिज्यिक के लिए उत्तम होता है।, जिसकी गुणवत्ता और प्रभाव अच्छा हो उस का उल्लेख किया जारहा है। ईरान के मा'डन (Ma'dan) से ४५-५० किमी उत्तर पश्चिम में नेइशाबुर(निशापुर) जिसे भारत मे निशापुरी के नाम से जाना जता है। निशापुरी सबसे अच्छा होता है इस्का रंग एवं प्रभाव बाकी जगाओ से प्राप्त से उत्तम होता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया. में चीन, ब्राजील, मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमरीका, इंग्लैंड, बेल्जियम और भी बहोत सारी जगाहो से प्राप्त होता है।

प्राकृतिक सुंदर फ़िरोजा फ़ायदेमंद है।

मूल यह एक 100% प्राकृतिक रत्न पत्थर है। (खनन/खादान के माध्यम से प्राप्त)

फ़िरोजा के लाभ

- फ़िरोजा को एक आध्यात्मिक रूप में सहायता हेतु प्रयोग किया जाता है।
- किसी भी स्थिति में, जहां स्पस्ट बात करने की आवश्यक है, वहा व्यक्ति की बात मे एक प्रकार के गुण उत्पन्न करती है जो उसे दूसरो से अलग और ज्यदा स्पस्ट सुवक्ता बनने मे मदद करता है।
- व्यक्ति को दोस्तों के बीच खुले विचार, प्यार और नि:स्वार्थ संबंध के प्रवाह को सक्षम करने के लिए, फ़िरोजा उपयोगकर्ता के अंदर समग्र मानसिक स्थिति को बढ़ाने मे, सकारात्मक सोच, संपूर्णता, अंतर्ज्ञान, बुद्धि, मानसिक अधिक स्थिरता और आत्म का विकास कर उसको जानने के लिए अग्रणी बनाता है।
- फ़िरोजा के लिये कहा जाता ह। इस रत्न का लाभ सभी राशि के लोगो द्वारा उपयोग किया जा सकता है, इसे दुनिया मे सभी उम्र और सब धर्म के लोगो मे इस्तेमाल सबसे आम पहलू यह है, कि प्रत्येक संस्कृति और हर धर्म मे फ़िरोजा के लाभ का सम्मान करते है।
- पहनने वाला के परिवार को मुसीबत से बचाया है विशेष रूप से पति और पत्नी बीच , नफ़रत को नष्ट करता है और प्यार बढ़ाता है।
- इस रत्न की अदृश्य स्त्रोतों से आने वाली ऊर्जा आप के लिए उप्योगी हो सकती है।
- फ़िरोजा के रंग मे बदलाव होता रहता है।
- यदि यह गहरे नीले रंग का हो तो यह अच्छा शगुन है।
- यदि यह गहरे हरे रंग का हो तो यह माध्यम है।
- परन्तु अगर यह पीला हो जाता है यह एक बुरा शगुन है।
- फ़िरोजा को दोस्ती केलिये एक अच्छा संकेत माना जाता है अगर किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा उपहार मे प्राप्त हो।

- अगर इमे धागे के समान रेखा दिखाई देती है, यह शत्रुता उत्पन्न होने का संकेत है।
- यह भी अविवाहित लड़कियों को पेहनाने से उनके विवाह शीघ्र होता है।

लाभ:-

- यह चीन मे व्यापक रूप से फेंग शुई और क्रिस्टल चिकित्सा में इस्तेमाल किया है।
- शराब की लत छुडाने के लिए क्रिस्टल चिकित्सकों द्वारा फ़िरोजा की सिफारिश की जाती है।
- संक्रमण,ऊँचा रक्तचाप, अस्थम, दाँत और मुँह की समस्या एवं सूर्य के विकिरण से रक्षा होती है।
- यह ज्यादातर बाज़र मे बिकने वाले फ़िरोजा जेसे पत्थर असली नहीं होते।
- एक असली या नकली फ़िरोजा को पहचान ने के लिये, इसकी सतह को देखे असली कि सतह खुर्दरी और समतल या सपाट नहीं होती, एवं नकली फ़िरोजा की सतह समतल या सपाट होती है।

चिकित्सा अस्वीकृति

- ऊपर उल्लेख फ़िरोजा सब वर्णन के भारतीय और चीनी पौराणिक कथाओं के अनुसार हैं।

पत्थर के हीलिंग लाभ के लिये अपने चिकित्सक या अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से सलाह ले एक विकल्प के रूप में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

स्वप्न द्वारा जाने धनप्राप्ति के योग

संकलन गुरुत्व कार्यालय

- स्वप्न में देवी-देवता के दर्शन होने से धन लाभ के साथ-साथ सफलता दर्शाता है।
- स्वप्न में गाय का दूध निकालना य निकालते देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- सफेद घोडे को देखना धन की प्राप्ति एवं उज्जवल भविष्य का संकेत है।
- स्वप्न में नीलकण्ठ या सारस पक्षी को देखना धन लाभ एवं राज सम्मान कि प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में कदम्ब के वृक्ष को देखना धन प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, राजसम्मान प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में कानों में बाली या धारण किये देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में नृत्य करती स्त्री/कन्या को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में मृत पक्षी को देखना आकस्मिक धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में जलता हुवा दीपक देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में स्वर्ण को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में चूहों को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में सफेद चीटियाँ देखना धन लाभ का संकेत है।
- स्वप्न में काले बिच्छू को देखना धन लाभ का संकेत है।
- स्वप्न में नेवले का को देखना हीरे-ज्वाहरात कि प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में मधुमक्खी का छत्ता देखना धन लाभ का संकेत है।
- स्वप्न में सर्प को फन उठाये देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में हाथी को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में महल को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में तोते को खाते देखना प्रबल धन प्राप्ति के योग का संकेत है।
- स्वप्न में अंगुली में अंगूठी पहनें हुवे देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में आम का बगिचा देखना आकस्मिक धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में पर्वत और वृक्ष पर चढ़ते देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में आंवले और कमल को देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में गौ दुग्ध, घी, फल वाले वृक्ष देखना धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में सर्प को बिल के साथ देखना आकस्मिक धन प्राप्ति का संकेत है।
- स्वप्न में गाय के दर्शन होने से अत्यन्त शुभ होता हैं, व्यक्ति को यश, वैभव एवं परिवार वृद्घि से लाभ प्राप्त होती है।
- स्वप्न में किसान को खेत में काम करते देखना धन प्राप्ति का संकेत है।

मंत्र सिद्ध काली हल्दी के विभिन्न लाभ

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

विद्वानों का कथन हैं की ईश्वर की कृपा प्राप्ति हेतु एवं वांछित कार्य में सिद्धि की प्राप्ति एवं मनोकामना पूर्ति हेतु मंत्र, यंत्र और तंत्र के अनेक उपायो का वर्णन हिन्दूं धर्मग्रंथों में मिलता हैं।

आज के भौतिक युग में हर कार्य अर्थ (धन) के उपर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुपसे निर्भर होता हैं इस लिये प्रत्येक व्यक्ति कि यही इच्छा होती हैं कि उसके पास भी इतना धन हो कि वह अपने जीवन में समस्त भौतिक सुखो को भोग ने में समर्थ हों। हर व्यक्ति की चाह होती हैं की उसकी धन-संपत्ति दिन दोगुनी रात चौगुनी बढती रहें !

हिन्दू धर्म में धन और ऐश्वर्य की देवी मां महालक्ष्मी हैं जो धन, समृद्धि एवं ऐश्वर्य प्रदान करती हैं। इस लिए माँ महालक्ष्मी की प्रसन्नता एवं कृपा से धन, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति के सरल उपाय तंत्र शास्त्र में बताये गये हैं।

भारतीय परंपरा में हल्दी का विशेष महत्व बताया गया हैं, हल्दी का उपयोग प्रायः सभी व्यक्ति के जीवन में भोजन के अलावा अधिक्तर आध्यात्मिक व औषधि के रुप में भी होता हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में हल्दी के प्रयोगो से धन प्राप्ति संभव हैं!

हिन्दू संस्कृति में हल्दी को अत्यंत शुभ एवं गुणकारी माना जाता हैं इस लिए हल्दी का प्रयोग भोजन व औषधि के अलावा मांगलित कार्य, देवी-देवताओं के पूजन-अर्चन इत्यादि में विशेष रुप से प्रयोग किया जाता हैं। अधिकतर लोगों ने हल्दी केवल पीले रंग की ही देखी होगी। क्योकि पीली हल्दी का प्रयोग हर घरों में मसालों के रुप में प्रयोग होता ही हैं, इस लिए पीली हल्दी बाजारों में आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

लेकिन हल्दी काले रंग की भी प्राप्त होती हैं। काली हल्दी को तंत्र शास्त्रों में अधिक दुर्लभ और देवीय गुणों से युक्त माना गया हैं। काली हल्दी औषधिय गुणों से भरपूर होती हैं, इसलिए इस का प्रयोग तंत्र प्रयोगो के अलावा औषधि के निर्माण इत्यादि में भी विशेष रुप से किया जाता हैं।

तंत्र विद्या के जानकार मानते हैं की धन प्राप्ति हेतु काली हल्दी एक अद्भुत चमत्कारी प्रभावों से युक्त होती हैं, उनका मानना हैं की काली हल्दी के विधि-विधान से पूजन से व्यक्ति असीम धन-संपत्ति एवं ऐश्वर्य प्राप्त करने में समर्थ हो सकता हैं।

हल्दी को हरिद्रा भी कहा जाता है। तंत्र विद्या के जानकारों का तो यहां तक मानना हैं की असली काली हल्दी प्राप्त होना सौभाग्य की बात हैं। जिस घर में काली हल्दी का पूजन होता हो वह घर में निवास कर्ता सौभाग्यशाली होते हैं।

ऐसी धार्मिक मान्यता हैं की अक्षय तृतीया, धनत्रयोदशी, दीपावली, ग्रहण, गुरु पुष्यामृत योग, त्रिपुष्कर योग, द्विपुष्कर योग, कार्य सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग आदि किसी शुभ मुहूर्त में काली हल्दी को अपने पूजा स्थान में स्थापित कर उसका नियमित पूजन करने से काली हल्दी का चमत्कारी प्रभाव आश्चर्यजन रुप से अति शीघ्र प्राप्त होता हैं।

धन प्राप्ति प्रयोग

- काली हल्दी को अपने पूजन स्थान में लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा या चित्र के पास स्थापित कर उसका विधिवत पूजन करें।
- विद्वानों का अनुभव हैं की काली हल्दी को घर में स्थापित कर पूजन करने से घर में निरंतर सुख-शांति की वृद्धि होने लगती है।
- तंत्र शास्त्र के जानकारों का कथन हैं की काली हल्दी के नियमित पूजन से व्यक्ति को कभी पैसा की कमी नहीं होती।
- काली हल्दी की गांठ को चांदी, स्टील या प्लास्टिक की डिब्बी में रख कर प्रति-दिन देवी-देवता के साथ धूप-दीप से पूजन करें।
- काली हल्दी की गांठ को सोने या चांदी के सिक्के के साथ लाल वस्त्र में बांधकर पोटली बना कर उसे अन्य देव प्रतिमाओं के साथ पूजा करने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है। (सोने या चांदी के सिक्के न हो तो रुपये-पैसे के नये सिक्के के साथ रखा जा सकता हैं)
- काली हल्दी की पोटली को को अपने गल्ले (कैश बॉक्स), तिजोरी आदि में भी रख सकते हैं। विद्वानों का अनुभव हैं की काली हल्दी के पूजन से धन से संबंधित समस्याएं दूर होती है, रोजगार में वृद्धि होती हैं।
- काली हल्दी के प्रभाव से नकारात्मक उर्जा को दूर किया जा सकता है।
- किसी शुभ मुहूर्त में काली हल्दी को सिंदूर में रखकर धूप-दीप से पूजन कर लाल कपड़े में एक सिक्के के साथ बांधर तिजोरी या गल्ले में रखने से धन की वृद्धि होने लगती है।

प्रबल धन प्राप्ति प्रयोग

प्रबल धन की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को मंत्र सिद्ध 11 गोमती चक्र, 11 पीली कौडियां और काली हल्दी के 11 टुकड़ों को दीपावली या धनत्रयोदशी आदि शुभ अवसर पर पूजन के समय मां लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र के साथ स्थापित कर विधिवत पूजन करने से शीघ्र विशेष लाभ की प्राप्ति होती हैं। पूजन के पश्चयात गोमती चक्र, कौडि और हल्दी के टुकड़ों को पीले कपड़े में बांध कर पोटली बना कर अपनी तिजोरी या गल्ले में रखलें। नियमित यथा संभव लक्ष्मी मंत्र का जप करते रहें। इस विधि से पूजन करने से धन संबंधित रुकावट शीघ्र दूर होने लगती हैं और परिवार में निरंतर धन, सुख, समृद्धि में वृद्धि होती हैं।

यदि व्यवसाय में निरन्तर लाभ के स्थान पर घाटा हो रहा हो तो भी यह प्रयोग अत्यंत लाभप्रद होता हैं।

कार्य सिद्धि प्रयोग

